

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 339

ग्वालियर, सोमवार 29 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू रविवार को ब्रिटेन की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। इस दौरान वह वहां भारतीय प्रवासियों द्वारा आयोजित कई सार्वजनिक कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। नायडू के करीबी सूत्रों ने बताया कि पूर्व उपराष्ट्रपति 29 अगस्त को लेखक, विद्वान और भाषाविद जी वेंकैट राममूर्ति पंतुलु की जयंती मनाने के लिए तेलुगु एसोसिएशन ऑफ लंदन द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि नायडू 31 अगस्त को ब्रिटेन में स्वामीनारायण आंदोलन की शाखाओं में से एक, अनुपम मिशन द्वारा आयोजित एक समारोह में ब्रिटेन में हिंदू समुदाय के लिए पहले एवं अत्याधुनिक 'ओम्' शवदाहगृह की आधारशिला रखेंगे। कई लाख पाउंड की लागत से निर्मित, ओम् शवदाहगृह ब्रिटेन में हिंदू, जैन और सिख समुदायों के सदस्यों की जरूरतों को पूरा करेगा। पूर्व उपराष्ट्रपति का एक सितंबर को 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' (ओएफबीजेपी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है और उनका तीन सितंबर को भारत लौटने का कार्यक्रम है। उपराष्ट्रपति के रूप में नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो गया था।

### अमेरिका में गुरुद्वारे के बाहर दो सिख समूहों के बीच गोलीबारी में तीन लोग घायल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में गुरुद्वारे के पास गोलीबारी का मामला सामने आया है। घटना स्टॉकटन में हुई है। स्थानीय पुलिस ने गोलीबारी की घटना की पुष्टि की है। बताया जाता है कि इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं है। घटना दो सिख ग्रुप के बीच विवाद का नतीजा बताया जा रहा है। गोली चलाने वाले और पीड़ित दोनों ही सिख हैं। पहले खबर थी कि गोलीबारी गुरुद्वारे के अंदर हुई है, लेकिन इसे गुरुद्वारा प्रशासन ने नकार दिया है। गुरुद्वारा प्रशासन की ओर से एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि घटना गुरुद्वारा के अंदर नहीं हुई है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि गोलीबारी गुरुद्वारे की हद के बाहर सड़क पर हुई है। गुरुद्वारा कमेटी ने कहा कि भारोत्तोलन के कार्यक्रम को कराया जा रहा था। गोलीबारी का उससे भी कोई लेना देना नहीं है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में कहा कि जांच चल रही है।

### एफआईए ने किया इमरान की पार्टी पीटीआई के गुप्त खाते से 78 करोड़ रुपये के लेनदेन का दावा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने दावा किया है कि इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा कथित तौर पर संचालित एक अघोषित बैंक खाते में पहले 78.7 करोड़ पाकिस्तानी रुपये से अधिक की राशि जमा की गई फिर निकाल ली गई। शीर्ष जांच एजेंसी ने पीटीआई के ऐसे 3 गुप्त खातों का पता लगाने का दावा किया है, जिनका इस्तेमाल अवैध लेनदेन में किया गया। पाकिस्तान के स्थानीय मीडिया आउटलेट के अनुसार, इन खातों का इस्तेमाल वूटन क्रिकेट क्लब से फंड ट्रांसफर करने के लिए किया गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई विदेशी फंडिंग विवाद में जांच के दायरे में है। एफआइए द्वारा निष्क्रिय बैंक से प्राप्त एक दस्तावेज से पता चलता है कि इमरान की पार्टी ने आधिकारिक रूप से चार व्यक्तियों को बैंक खाता संचालित करने के लिए अधिकृत किया था। उसमें विवादित फरीदुद्दीन अहमद का नाम भी शामिल है। जिनका नाम कर चोरी में पहले ही आ चुका है। वहीं, पीटीआई के प्रवक्ता ने कहा कि यह वितरण खाता था संग्रह खाता नहीं, इसमें कुछ भी अवैध नहीं है। विदेश से प्रतिबंधित फंडिंग मामले में हो रही सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग के प्रमुख सिकंदर सुल्तान राजा ने पीटीआई को दो सप्ताह का समय दिया और सुनवाई को छह सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया है।

### कल्याण सिंह की प्रतिमा का अनावरण कर बोले- राजनाथ मुझे उनका अत्यधिक स्नेह मिला

**लखनऊ।** भाजपा के शीर्ष नेता और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यूपी की राजधानी लखनऊ में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कल्याण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारा और उनका रिश्ता बड़े बाई और छोटे भाई का रहा और मुझे उनका अत्यधिक स्नेह प्राप्त हुआ। खबरों के मुताबिक, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा और उनका रिश्ता बड़े बाई और छोटे भाई का रहा और मुझे उनका अत्यधिक स्नेह प्राप्त हुआ। 1977 में वो स्वास्थ्य मंत्री थे और स्वास्थ्य मंत्री के रूप उन्होंने जिस प्रकार से भूमिका निभाई थी तो उस समय मंत्रिमंडल में सर्वाधिक लोकप्रिय मंत्री अगर कोई था तो वो थे। उन्होंने कहा कि कल्याण सिंह जी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे और उनके शासनकाल में उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था चुरुस्त दुरुस्त थी और अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था चुरुस्त दुरुस्त है।

# आजमगढ़ में भीषण सड़क हादसा, विंध्याचल देवी दर्शन करने जा रहे एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

### मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक



**आजमगढ़।** यूपी के आजमगढ़ जिले में एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना यहां के बरदह थाना क्षेत्र में हुई। हादसे के शिकार लोग विंध्?याचल देवी का दर्शन करने जा रहे थे जिसमें कार सवार चार लोगों समेत पांच व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के मुख्?यमंत्री योगी आदित्?यनाथ ने इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है। जिले के बरदह थाना क्षेत्र के भगवानपुर के समीप दशनार्थियों से भरी कार आजमगढ़-इलाहाबाद राजमार्ग पर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। इस दौरान कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक बच्?ची समेत चार लोगों की मौत हो गई। कार सवार एक महिला का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। आजमगढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनुराग आर्य ने बताया कि शनिवार रात करीब नौ बजे एक कार दर्शनार्थियों को लेकर विंध्याचल धाम दर्शन के लिए जा रही थी। कार जैसे ही बरदह थाना क्षेत्र के भगवानपुर पुलिया के समीप पहुंची अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से उन्?होंने बताया कि रफ्तार इतनी तेज थी कि डिवाइडर से टकराने के बाद कार हवा में उछली और इस दौरान दूसरी तरफ से आ रहे एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार बरदह थाना क्षेत्र के ही मिर्जा जगदीशपुर निवासी सुशील सरोज (32) की मौत हो गई।

# गुलाम साहब तो अभी आजाद हुए, राहुल गांधी से अमेठी तो 3 साल पहले आजाद हो गई : स्मृति ईरानी



**अमेठी।** कांग्रेस में दिग्गज नेताओं को इस्तीफों के बाद केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि गुलाम नबी आजाद अब आजाद हुए हैं, लेकिन अमेठी तो बहुत पहले ही आजाद हो चुकी है। अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आई स्मृति ने गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस छोड़ने और पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े सवाल पर मीडिया से कहा कि कांग्रेसी अपने नेतृत्व पर टिप्पणी कर रहे हैं। ऐसे में मुझे टिप्पणी करने की कोई आवश्यकता नहीं है। सूखी बाजगढ़ अमृत सरोवर का लोकार्पण करने के बाद मीडिया द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में स्मृति ने कहा कि जिस प्रकार कांग्रेस का नेतृत्व अपनी ही पार्टी विशेषकर गांधी परिवार के प्रति टिप्पणी कर रहे हैं। उसमें मुझे टिप्पणी करने का कोई आवश्यकता नहीं है। बस इतना कहना है कि गुलाम साहब अभी आजाद हुए हैं। अमेठी 3 साल पहले ही आजाद हो गई है। इस दौरान उन्होंने कुपोषण मुक्त अमेठी का नारा भी दिया। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की नेता ईरानी ने राहुल गांधी को अमेठी संसदीय सीट से पराजित किया था। अमेठी गांधी परिवार की परंपरागत सीट रही है और संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने इसका प्रतिनिधित्व किया था।

### भुज में 'स्मृति वन' समेत लगभग 4400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

# किसी ने सोचा नहीं होगा विनाशकारी भूकंप में तबाह कच्छ फिर ऐसे उठ खड़ा होगा: पीएम मोदी

### स्मृति वन स्मारक और वीर बाल स्मारक गुजरात के कच्छ और पूरे देश के साझा दर्द के प्रतीक हैं




**कच्छ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज गुजरात दौरे के दूसरे दिन कच्छ जिले के भुज में 'स्मृति वन' स्मारक का उद्घाटन किया है इस स्मृति वन स्मारक का निर्माण 2001 के विनाशकारी भूकंप में मारे गए लोगों की याद में और इस त्रासदी से उबरने वाले लोगों के जज्बे को सलाम करने के उद्देश्य से किया गया है पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ भुज में 'स्मृति वन'-2001 भूकंप स्मारक और म्यूजियम का दौरा किया इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भुज में स्मृति वन स्मारक और अंजार में वीर बाल स्मारक गुजरात के कच्छ जिले और पूरे देश के साझा दर्द के प्रतीक हैं। उन्होंने उस पल को याद किया जब अंजार स्मारक की अवधारणा सामने आई और स्वैच्छिक कार्य कार सेवा के माध्यम से स्मारक को पूरा करने संकल्प लिया गया था। उन्होंने कहा कि इन स्मारकों को विनाशकारी भूकंप में मारे गए लोगों की याद में भारी मन से समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने आज लोगों के गर्मजोशी से स्वागत के लिए भी उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने आज अपने दिल में उतरी अनेक भावनाओं को याद किया और पूरी विनम्रता के साथ कहा कि दिवंगत आत्माओं की स्मृति में, स्मृति वन स्मारक 9/11 स्मारक और हिरोशिमा स्मारक के बराबर है। उन्होंने लोगों और स्कूली बच्चों से स्मारक का दौरा करते रहने को कहा ताकि प्रकृति का संतुलन और व्यवहार सबके लिए साफ रहे। पीएम मोदी ने विनाशकारी भूकंप की पूर्व संध्या को याद किया। उन्होंने कहा ÷मुझे याद है जब भूकंप आया था तो उसके दूसरे दिन ही मैं यहां पहुंच गया था। तब मैं मुख्यमंत्री नहीं था, साधारण सा कार्यकर्ता था। मुझे नहीं पता था कि मैं कैसे और कितने लोगों की मदद कर पाऊंगा। लेकिन मैंने ये तय किया कि दु्ख की इस घड़ी में, मैं यहां आप सबके बीच में रहूँगा। और जब मैं मुख्यमंत्री बना तो सेवा के अनुभव ने मेरी बहुत मदद की। उन्होंने क्षेत्र के साथ अपने गहरे और लंबे जुड़ाव को याद किया, और उन लोगों को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की जिनके साथ उन्होंने संकट के दौरान काम किया। मोदी ने आगे कहा, कच्छ की एक विशेषता तो हमेशा से रही है, जिसकी चर्चा मैं अक्सर करता हूं। यहां रास्ते में चलते-चलते भी कोई व्यक्ति एक सपना बो जाए तो पूरा कच्छ उसको वटवृक्ष बनाने में जुट जाता है। कच्छ के इन्हीं संस्कारों ने हर आशंका, हर आकलन को गलत सिद्ध किया। ऐसा कहने वाले बहुत थे कि अब कच्छ कभी अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाएगा। लेकिन आज कच्छ के लोगों ने यहां की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है।÷ उन्होंने याद किया कि भूकंप के बाद पहली दिवाली, लोगों के प्रति एकजुटता व्यवक्तब करने के लिए उन्होंने और उनके राज्य मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने क्षेत्र में बिताई। उन्होंने कहा कि चुनौती की उस घड़ी में, हमने घोषणा की कि हम आपदा को अवसर (आपदा से अवसर) में बदल देंगे। जब मैंने लाल किले की प्राचीर से कहा कि भारत 2047 तक, एक विकसित देश होगा, आप देख सकते हैं कि मृत्यु और आपदा के बीच, हमने कुछ संकल्प किए और उन्हें आज हमने उन्हें हकीकत में बदला। इसी तरह, आज हम जो संकल्प लेंगे, उसे 2047 में निश्चित रूप से हकीकत में बदल देंगे।

### अटल ब्रिज के उद्घाटन के बाद सीधे गांधीनगर पहुंचे पीएम मोदी मां हीराबा का लिया आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों के गुजरात दौरे पर हैं। कल उन्होंने अहमदाबाद में साबरमती नदी पर अटल ब्रिज का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी



अपनी मां हीराबा मोदी से मिलने गांधीनगर पहुंचे। रायसन इलाके स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। एजेंसी के अनुसार, उनके छोटे भाई पंकज मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने देर शाम अपनी मां से मुलाकात की और अहमदाबाद में खादी उत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद उनके साथ लगभग आधा घंटा बिताया। प्रधानमंत्री आज भी कई कार्यक्रम में शामिल होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में इस साल 18 जून को हीराबा मोदी से उनके 100 वें जन्मदिन के अवसर पर मुलाकात की थी। इस मौके पर उन्हें समर्पित करते हुए एक ब्लॉग पोस्ट भी लिखा था। प्रधानमंत्री गांधीनगर के राजभवन के लिए रवाना हुए जहां उन्होंने रात गुजारी। वह रविवार को कच्छ और गांधीनगर में कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



# अयोध्या में मंदिर निर्माण का काम 40 फीसदी पूरा, दिसंबर 2023 से विधिवत शुरू होगी पूजा अर्जना : चंपक राय

**अयोध्या।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के निर्माण का काम लगभग 40 प्रतिशत पूरा हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो साल पहले विधिवत पूजा-अर्चना कर इसका शिलान्यास किया था। श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि दिसंबर 2023 से दुनिया भर के भक्त भगवान राम की पूजा कर सकते हैं। ट्रस्ट के अधिकारियों ने कहा कि मंदिर के चारों ओर की सड़कों को सुधारने के लिए निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। चंपत राय ने कहा मंदिर निर्माण का 40 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो गया है। प्लिंथ का 80 फीसदी से ज्यादा काम हो चुका है। मंदिर में दर्शन दिसंबर 2023 से शुरू होने की संभावना है। आपको बता दें कि देश में अगला लोकसभा चुनाव 2024 में होना है। चंपत राय खुद अयोध्या के कारसेवक पुरम में डेरा जमाए हुए हैं और निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे हैं। वह लगातार बैठकें करते हैं और हर दिन प्रगति की समीक्षा करते हैं। निर्माण में उपयोग किए गए धन के स्रोत के बारे में पूछे जाने पर चंपत राय ने कहा। भगवान के कार्य के लिए धन की कमी नहीं होती है। भगवान के चरणों में लक्ष्मी बैठी रहती हैं। ट्रस्ट के अधिकारियों के मुताबिक। मंदिर की कम से कम एक हजार साल तक लंबी उम्र और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बड़ी नींव रखी गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मकराना पहाड़ियों से सफेद संगमरमर का उपयोग मंदिर के गर्भगृह के अंदर किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि संगमरमर की नक्काशी का काम प्रगति पर है और कुछ नक्काशीदार संगमरमर के ब्लॉक पहले ही अयोध्या लाए जा चुके हैं।

### ट्विन टावर गिराने में हुआ 3 अग्नि, 12 ब्रह्मोस मिसाइलों के बराबर विस्फोटक का उपयोग

# विस्फोट के बाद कुछ ही सेकेंड में जमींदोज हुई सुपरटेक ट्विन टावर की बिल्डिंग



**नोएडा।** 31 अगस्त 2021 को आए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नोएडा के सेक्टर 93ए स्थित सुपरटेक ट्विन टावर्स में रविवार को ब्लास्ट के लिए तय समय पर ही धमाका हुआ। इसके साथ ही कुछ ही सेकेंड में जमींदोज हु हो गई सुपरटेक ट्विन टावर की बिल्डिंग। तय समय पर सायरन बजने के साथ ही सुपरटेक ट्विन टावर की बिल्डिंग जमींदोज हो गई। दूर तक धमाके की आवाज के साथ धूल का गुबार भी फैल गया। दोनों गगनचुंबी दोपहर में 2 बजकर 29 मिनट पर जमीदोज हो गईं। हर एक आंखें बेसब्री से इस खास वक्त के इंतजार में लगी हुई थीं। सायरन की आवाज के बीच अचानक से हर एक फ्लोर पर ब्लास्ट हुआ और ऊपर से लेकर नीचे तक दोनों ही इमारत भरभरा कर गिर गईं। इस तरह से देखते ही देखते भ्रष्टाचार की इमारत जमींदोज हो गई। सुपरटेक के ट्विन टावर्स ध्वस्त होने के बाद धूल अगले तीन से चार दिनों तक लोगों को परेशान कर सकती है। इससे बचने के लिए बच्चों और बुजुर्गों को मास्क लगाने की जरूरत पड़ेगी। दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रफेसर विपुल सिंह नें बताया, इमारत गिरने के बाद दो तरह की धूल हवा में उड़ेगी। धूल के मोटे कण तुरंत जमीन पर गिर जाएंगे, लेकिन जो छोटे-छोटे कण होंगे वह हवा में लंबे वक्त तक रहेंगे क्यूंकि हवा भी चल रही है।

सुपरटेक ट्विन टावरों को गिराने के बाद आस-पास के क्षेत्र में धूल के बादल छा गए। ट्विन टावरों को गिराने के बाद आस पास जमे धूल को स्थिर करने के लिए पानी को स्प्रे करने के लिए एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल किया जा रहा है। नोएडा की सीईओ ने बताया कि आस-पास की हाउसिंग सोसाइटियों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। अभी कुछ मलबा सड़क की तरफ आया है। हमें एक घंटे में स्थिति का बेहतर अंदाजा हो जाएगा। नोएडा पुलिस आयुक्त ने कहा कि पूरे प्लान के साथ काम किया गया और टावर को गिराया गया। सुरक्षा के पूरे इंतज़ाम थे, जिस कारण से सब कुछ सही से हुआ। हम अवशेष और बचे हुए विस्फोटकों का आकलन करने के लिए साइट पर जा रहे हैं यदि वे वहां छोड़े गए हैं। एपेक्स और सियान (ट्विन टावर) में टावर ढहाने वाली एडिफाईस एजेंसी ने करीब 3700 किलो विस्फोटक लगाया था। टावर कंट्रोल ब्लॉस्ट के जरिए ढहाए गए। मलबा आस-पास न बिखर कर सामने की तरफ गिरे इसके लिए %वाटर फाल इम्पलोजन कोलैप्स मकैनिज्म% पर ब्लॉस्ट डिजाइन तैयार की गई थी। इसमें मलबा झरने की तरह निश्चित खाली पड़ी जगहों पर गिरा।

### प्रियंका गांधी ने पाक के खिलाफ मैच के लिए टीम इंडिया को दी शुभकामना

**नई दिल्ली।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई क्रिकेट ग्राउंड पर महामुकाबला होने वाला है। इस टूर्नामेंट में भारत अपने अभियान का आगाज पाकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगा। क्रिकेट फैंस इस महामुकाबले को काफी रोमांचित है। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी पाक के खिलाफ मैच के लिए टीम इंडिया को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही प्रियंका ने कराची में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का एक किस्सा भी साझा किया। कांग्रेस लीडर प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर 33 सैकेंड का एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने एशिया कप के लिए पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

# कायनात अरोड़ा को बॉलीवुड में पहली फिल्म के बाद नहीं मिला काम!



आज इस आर्टिकल में हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी एक्टर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिसकी खूबसूरती के चर्चे पूरे भारत में है लेकिन फिर भी उनकी पहली फिल्म उनके करियर की आखिरी फिल्म बनती हुई नजर आ रही है।

जिस बॉलीवुड अभिनेत्री की हम बात कर रहे हैं उसका नाम कायनात अरोड़ा है। कायनात ने अपने अभिनय की शुरुआत साल 2010 से की थी। उन्होंने सबसे पहले एक आइटम गाने पर अपने अभिनय को दर्शाया था। कायनात ने हिंदी फिल्म 'खट्टा मीठा' के गाने 'आइला रे आइला' में डांस किया था।

उसके बाद उन्होंने साल 2013 में इंद्र कुमार फिल्म ग्रैंड मस्ती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। जिसमें उनके सहयोगी कलाकार थे विवेक ओबेरॉय, आफताब शिवदासानी और रितेश देशमुख। उनकी फिल्म ब्लॉकबास्टर हिट रही। इस फिल्म में कायनात ने मार्लो का रोल किया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस में 100 करोड़ का कारोबार किया था और इस फिल्म में जमकर बोल्ड सीन दर्शाए गए थे इस फिल्म में कायनात अरोड़ा की एक्टिंग की तारीफ भी हुई थी लेकिन फिर भी कायनात अरोड़ा को अब फिल्में नहीं मिलती। इस तरह कायनात पहली फिल्म से ही चर्चा में आ गई। उन्होंने बॉलीवुड के अलावा मलयालम, पंजाबी फिल्मों में भी काम किया है।

कायनात अरोड़ा की खूबसूरती देखते ही बनती है अक्सर यह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती है और अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वह मशहूर अभिनेत्री दिव्या भारती की दूसरी चचेरी बहन हैं।

कायनात अरोड़ा का असली नाम 'चारु' है। उन्हें एक बार जर्मनी जाने की अनुमति नहीं मिली थी क्युकी उनके कागज़ी पत्रों में उनकी जन्म तरीक भी दूसरी थी और नाम भी 'चारु' था। बाद में उन्होंने दोनों को बदल लिया था। कायनात के लव लाइफ की जानकारी फ़िलहाल मालूम नहीं है और नाहीं उन्हें कभी किसी के साथ देखा गया है।

कायनात के पसंदीदा चीज़ो की बात करे तो उनके पसंदीदा अभिनेता शाहरुख़ खान और रनबीर कपूर हैं। कायनात की पसंदीदा फिल्म 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'विश्वतमाँ' हैं। निर्देशकों में कायनात को करन जौहर पसंद हैं। कायनात का पसंदीदा रंग काला है। कायनात अरोड़ा के हॉबी की बात करे तो उन्हें डांस करना, योगा करना और शॉपिंग करना पसंद है। उन्हें घूमने की जगहों में जर्मनी बहुत पसंद है।

## अक्षय ने सुनील शेट्टी के बेटे अहान के साथ फिल्म करने की खबर को बताया अफवाह



सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी फिल्मों में आने से पहले ही चर्चा में बने हुए हैं। वह फिल्म तड़प से बॉलीवुड की फिल्मों में डेब्यू करेंगे। हाल में खबर आई थी कि अहान बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अक्षय कुमार के साथ एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। ऐसी खबर आई थी कि अहान और अक्षय साजिद नाडियाडवाला की फिल्म में साथ दिखेंगे। अब अक्षय ने खुद इस तरह की खबरों को खारिज कर दिया है। अक्षय ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर अहान के साथ काम करने की खबर को नकार दिया है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, फेक न्यूज के पैमाने पर 10/10। मैं अपना खुद का फेक न्यूज खत्म करने का व्यवसाय कैसे शुरू करूं? रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अक्षय फिर से साजिद के साथ एक फिल्म के लिए साथ आए हैं। बताया गया था कि इसमें वह अहान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। पहली बार नहीं है जब अभिनेता ने खुद से संबंधित फेक न्यूज पर प्रतिक्रिया दी है। पहले खबरें आई थीं कि अक्षय धूम 4 में दिखने वाले हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि बॉलीवुड की सुपरहिट एक्शन सीरीज धूम में अक्षय और सलमान खान अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। अक्षय ने धूम 4 में काम करने की खबरों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था, कृपया अफवाहों पर ध्यान ना दें। बीते 21 जून को अक्षय ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म रक्षाबंधन की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म में अक्षय के साथ भूमि पेडनेकर नजर आ सकती हैं। हाल में खबर सामने आई है कि अक्षय की इस फिल्म में सादिया खतीब, दीपिका खन्ना, स्मृति श्रीकांत और सहेजमीन कौर की एंट्री हो गई है। बताया जा रहा है कि ये अभिनेत्रियां अक्षय की बहनों की भूमिका निभाएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय करेंगे। अक्षय इस साल फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी हैं, जिसमें अक्षय कैटरीना कैफ के साथ दिखेंगे। वह आने वाले दिनों में फिल्म बच्चन पांडे में दिखने वाले हैं। इस फिल्म में अक्षय के साथ कृति सेनन नजर आएंगी। इसके अलावा अक्षय को फिल्म अतरंगी रे में देखा जाएगा। इस फिल्म में उनके साथ सारा अली खान दिखाई देंगी। वह फिल्म पृथ्वीराज में भी दिखने वाले हैं।

# लेदर बैग खरीदने की हैं शौकिन तो पहले जान लें असली नकली का फर्क



महिलाओं के लिए हैंडबैग बहुत जरूरी स्टाइल स्टेटमेंट होता है. बाजार में कई तरह के हैंडबैग मिलते हैं, लेकिन लेदर बैग का क्लासी और स्टाइलिश लुक हर किसी को पसंद आता है. लेदर बैग की डिमांड मार्केट में बहुत अधिक है क्योंकि ये जल्दी खराब नहीं होता है, साथ ही स्टाइल स्टेटमेंट को भी क्लासी लुक देता है. असली लेदर बैग बाजार में महंगे मिलते हैं जो हर किसी के खरीदने की बात नहीं है. हालांकि बाजार में नकली लेदर बैग की खूब बिकते हैं क्योंकि ये स्टाइलिश दिखने के साथ सस्ते दाम पर मिलते हैं. कई दुकानदार नकली बैग को असली बताकर बेच देते हैं जो कुछ समय बाद खराब हो जाता है. अगर आप लेदर बैग खरीदने की शौकीन हैं तो हम आपको कुछ आसान टिप्स बता रहे हैं जिससे आप असली और नकली लेदर बैग में पहचान कर सकती है. आइए बिना देर किए जानते हैं इन टिप्स के बारे में.

### असली लेदर बदलता है रंग

शायद आप जानते नहीं होंगे असरी लेदर को रगड़ने पर हल्का लाल हो जाता है उस पर धब्बे दिखाई देते हैं. असली लेदर आसानी से मुड़ जाता है जबकि नकली लेदर आपसे मुड़ेगा नहीं और ज्यादा जोर लगाने पर इसके रेशे निकलने लगते है और वो फट जाएगा.

### गंध से पहचान सकते है

असली लेदर में एक एजीब सी गंद आती है जिसके बारे में आप किसी को बता नहीं सकते हैं. जबकि नकली बैग में प्लास्टिक और अन्य कोई गंध आती है. इस तरह से आप लेदर बैग की पहचान कर सकते हैं.

### शाइनिंग से ना खा जाए धोखा

कई लोगों को लगता हैं कि असली लेदर बैग में बहुत शाइनिंग होती है. लेकिन असल में ऐसा नहीं होता है. असली लेदर जानवरों के त्वचा से बना होता है जो दिखने में मैट लुक देता है. ये हैंडबैग टाइट होते हैं. जबकि नकली हैंडबैग में प्लास्टिक और अन्य मेटीरिल की मिलावट होती है जिसकी वजह से मुलायम और शाइनी नजर आता है.

### लेदर की फिनिशिंग होती है अच्छी

असली लेदर बैग में कई तरह के डिजाइन और पैटर्न होते हैं. क्योंकि ये जानवरों की खाल से बनाया जाता है इसलिए इसकी इलास्टिसिटी बहुत अच्छी होती है. लेदर बैग महंगे होते है जबकि नकली चमड़ा बैग बनाने में खर्चा कम आता है जिसकी वजह से बाजार में आसानी से उपलब्ध है।

# मानुषी छिल्लर अपनी तीसरी फिल्म में चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे के साथ दिखेंगी



पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर फिल्मों में आने से पहले ही लोकप्रियता हासिल कर चुकी हैं। वह भविष्य में कई महत्वपूर्ण फिल्मों का हिस्सा बन सकती हैं। वह अक्षय कुमार की पृथ्वीराज और विक्की कौशल की एक अनटाइटल फिल्म लेकर सुर्खियों में हैं। दिलचस्प है कि ये दोनों फिल्में यशराज फिल्म्स के बैनर तले बन रही हैं। अब खबर है कि मानुषी चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे के साथ यशराज बैनर की अपनी तीसरी फिल्म में नजर आएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, मानुषी यशराज बैनर तले बन रही अपनी तीसरी फिल्म में मौजूदगी दर्ज कराएंगी। खबरों की मानें तो वह इस फिल्म में अहान पांडे के साथ दिखने वाली हैं। एक सूत्र ने बताया, मानुषी यशराज फिल्म्स की फेवरेट बन गई हैं। हर कोई उनके समर्पण, काम करने के तरीके और पेशेवर रवैये की तारीफ कर रहा है। आदित्य चोपड़ा ने उनको शिव रवैल के सुपरहीरो प्रोजेक्ट के लिए अप्रोच किया है।

सूत्र ने आगे बताया कि मानुषी की इस फिल्म से चंकी के भतीजे अहान बॉलीवुड में कदम रखने वाले हैं। अहान मानुषी के अपोजिट भूमिका में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि आदित्य मानुषी के लिए अन्य प्रोजेक्ट पर भी विचार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि विक्की की फिल्म की शूटिंग लगभग समाप्त हो चुकी है। पृथ्वीराज को भी शूट किया जा चुका है, केवल कुछ डबिंग का काम बचा हुआ है। मानुषी इस फिल्म की शूटिंग तब शुरू करेंगी, जब फिल्म के बाकी कास्ट की डेट तय कर ली जाएगी।

## नए अवतार में बड़ा धमाका करने को तैयार हैं कार्तिक आर्यन



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं. जहां एक्टर लगातार अपने वीडियो और तस्वीरों को शेयर करते रहते हैं. ऐसे में अब एक्टर ने अपना एक नया वीडियो पोस्ट किया है. जो अब चर्चा में बना हुआ है. एक्टर अपने इस नए वीडियो में बिलकुल ही बदले हुए अंदाज में नजर आ रहे हैं. जहां बॉलीवुड के कई बड़े एक्टर भी उनका ये अंदाज देखकर चौंक गए हैं. जी हां, एक्टर अपने इस वीडियो में बिलकुल ही सुपरहीरो लग रहे हैं. जहां उन्होंने अपनी आंखों पर लाइट वाले चश्मे पहने हुए हैं. इसके साथ ही वो बिल्डिंग के ऊपर से छलान भी मारते हुए नजर आ रहे हैं. एक्टर ने अपने इस पोस्ट का जो कैप्शन लिखा है उसमें उन्होंने बताया है कि ये सब उन्होंने क्या पोस्ट किया है वो कल बताएंगे. एक्टर के इस पोस्ट को देखकर लगता है कि वो कुछ अलग सा लेकर आ रहे हैं. जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है. ऐसे में बॉलीवुड के कुछ सेलेब्स ने कार्तिक के इस पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. जिसमें उन्होंने कार्तिक से इस पोस्ट के बारे में पूछा है. एक्टर की दोस्त भूमि पेडनेकर ने पोस्ट में कमेंट करते हुए पूछा है कि ये क्या है?, भूमि के इस सवाल पर कार्तिक आर्यन ने जवाब देते हुए कहा है कि रुको जरा, सबर करो कार्तिक का ये अंदाज देखकर लगता है कि अब एक्टर कोई बड़ा धमाका करने वाले हैं।

# एकता कपूर के इस टीवी शो में काम करना चाहती हैं निक्की तंबोली



बिग बॉस 14 में नजर आने आने वाली निक्की तंबोली इन दिनों बैक टू बैक कई प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। इन दिनों निक्की तंबोली मशहूर स्टंट बेस्ड रियलिटी टीवी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 11 की शूटिंग कर रही है। खतरों के खिलाड़ी 11 की शूटिंग काफी समय से हो रही है। पिछले महीने में खतरों के खिलाड़ी की टीम केपटाउन शहर के लिए रवाना हुई थी। जहां से अक्सर टीवी सितारे अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते रहते है। अब इसी बीच निक्की तंबोली ने हाल ही में एक बातचीत में इस बात का खुलासा किया है कि, अगर उनको टीवी चीन एकता कपूर के टीवी शो में काम करने का मौका मिले तो जरूर करना चाहेंगी। निक्की तंबोली ने कहा कि, उनको अभिनय बहुत पसंद है और इसके बाद उस पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हूं। निक्की तंबोली ओटीटी प्लेटफार्म पर काम करने के लिए भी उत्साहित है। इसी के साथ वो साउथ फिल्मों में भी काम करना जारी रखेंगी। उनको कोई ऑफर मिलता है तो उनको कोई परेशानी नहीं है। निक्की तंबोली ने कहा कि अगर नागिन टीवी शो आफर होता है तो मैं आंखें बंद करके इस शो को करने के लिए हां कर दूंगी। इसका हिस्सा कोई भी बनना चाहेगा। एकता कपूर के साथ काम करने का कोई ऐसी चीज़ नहीं जिसे मैं कभी छोड़ना चाहूंगी। निक्की तंबोली की इस बात से ये साफ जाहिर हो रहा है कि वो एकता कपूर के नागिन टीवी शो के अगले सीजन में काम करने के लिए उतावली हो रही हैं।

# सोया मिल्क की हैं जादुई खूबियां




वर्तमान में बाजार में सोया मिल्क ने अपनी एक अलग पहचान बना ली है। आइए जानते हैं क्या है सोया मिल्क और कैसे ये शरीर को फायदा पहुंचाता है। सोयाबीन्स या सोया प्रोटीन से तैयार होने वाले सोया मिल्क को उसकी पोषण संबंधी खूबियों की वजह से गाय के दूध का सबसे बेस्ट सब्स्टिट्यूट माना जाता है। इसमें प्रोटीन, फैट और कार्बोहाइड्रेट का उतना ही लेवल पाया जाता है जितना गाय के दूध में। साथ ही सभी जरूरी अमीनो ऐसिड की मौजूदगी की वजह से इसे कंप्लीट प्रोटीन के तौर पर भी जाना जाता है।सोया मिल्क के बहुत से फायदे हैं।

गाय के दूध में प्रोटीन और फैट के साथ कार्ब्स पाए जाते हैं। वहीं अगर सोया मिल्क की बात करें तो इसमें गाय के दूध से ज्यादा पोषक तत्व होते हैं।–सोया मिल्क में काफी अधिक मात्रा में कैल्शियम मौजूद होता है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है। सोया मिल्क में पाए जाने वाले एंटी–कार्सिनोजेनिक गुण कैंसर के खतरे को कम करते हैं। रोज एक गिलास सोया मिल्क पीने के मतलब है कि आप भरपूर मात्रा में सही तरीके से पोषक तत्व ले रहे हैं। सोया मिल्क पीने से कमजोरी और थकावट दूर होती है और पूरे दिन एनर्जी बनी रहती है। सोया मिल्क में मौजूद आयरन के सेवन से शरीर में खून की कमी नहीं होती। साथ ही यह एनीमिया में भी राहत देता है। सोया मिल्क पीने से चर्बी तेजी से घटती है जिससे वजन कम होता है या फिर कंट्रोल में रहता है। सोया मिल्क हार्ट को हेल्दी रखता है और शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। बता दें ?कि दूध भारतीयों के जीवन का एक बेहद अहम हिस्सा है। किसी को सादा दूध पीना पसंद होता है तो कोई चाय में दूध डालकर पीता है।

कोई दूध में हल्दी डालकर पीता है तो कोई मिल्कशेक बनाकर। वहीं कई लोग ब्रेकफस्ट में सीरियल के साथ दूध का सेवन करना पसंद करते हैं। वैसे तो ज्यादातर लोग दूध का सेवन सिर्फ इसलिए करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि दूध पीने से हड्डियां मजबूत होती हैं। लेकिन हकीकत ये है कि दूध में कैल्शियम के अलावा भी कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर को कई तरीके से फायदा पहुंचाते हैं। दूध पीने से हृदय रोग, कई तरह का कैंसर, मोटापा और डायबिटीज जैसी बीमारियों को भी रोकने में मदद मिलती है। मार्केट में इस वक्त कई तरह के दूध मौजूद हैं और उन सबके अपने–अपने फायदे हैं।

## क्या थिएटर में रिलीज होगी शाहिद की फिल्म जर्सी? अभिनेता ने दिया जवाब

शाहिद कपूर पिछले काफी समय से स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म जर्सी को लेकर सुर्खियों में हैं। कोरोना महामारी के कारण बॉलीवुड की ज्यादातर बड़ी फिल्में भी थिएटर के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर रुख कर रही हैं। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही थीं कि जर्सी भी डिजिटल का रुख करेगी। अब शाहिद ने साफ कर दिया है कि उनकी यह फिल्म थिएटर में रिलीज होगी या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। खबरें आ रही थीं कि जर्सी की रिलीज डेट में बदलाव हो सकता है और यह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो सकती है। शाहिद ने सोशल मीडिया पर लाइव चैट करते हुए कहा, जर्सी 5 नवंबर को थिएटर में रिलीज के लिए तैयार है। अभी तक तो यही प्लान है कि फिल्म दिवाली के मौके पर ही आएगी। उन्होंने कहा, यह एक फैमिली फिल्म है, जिसके लिए दिवाली रिलीज बेहतर है। उम्मीद है कि तब तक थिएटर खुल चुके होंगे। जर्सी इसी नाम से बनी तेलुगु फिल्म का हिंदी रीमेक है। फिल्म में शाहिद के साथ उनके पिता पंकज कपूर भी नजर आएंगे। अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी इसमें अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में शाहिद एक क्रिकेटर की भूमिका निभाएंगे। कहानी अर्जुन नाम के एक प्रतिभाशाली, लेकिन असफल क्रिकेटर के बारे में है, जो अपने बेटे की इच्छा पूरी करने के लिए अपने उम्र के तीसवें पड़ाव में वापसी करने और



भारत के लिए खेलने का फैसला करता है। शाहिद की फिल्म कबीर सिंह की रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। लाइव सेशन के दौरान शाहिद ने कहा, मेरे सबसे ज्यादा बिखरे और टूटे हुए कैरेक्टर को मेरी सबसे सफल फिल्म बनाने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा, भारी बर्फबारी के कारण मसूरी की शूटिंग रद्द कर दी गई थी। हम शूटिंग लोकेशन पर नहीं पहुंच पाए थे और तब हमने बर्फ की लड़ाई शुरू कर दी थी। वो बहुत मजेदार पल थे।

## आजाद कांग्रेस मुक्त

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वो काफी लंबे समय से पार्टी की नीतियों को लेकर नाराज चल रहे थे। कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे पांच पृष्ठ के त्यागपत्र में आजाद ने कहा कि वह भारी मन से यह कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से पहले %कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकाली जानी चाहिए थी। आजाद ने कहा कि पार्टी में किसी भी स्तर पर चुनाव संपन्न नहीं हुए। गुलाम नबी ने कहा कि कांग्रेस लडने की अपनी इच्छा शक्ति और क्षमता खो चुकी है। आजाद ने सोनिया को लिखे पत्र में कहा कि एआईसीसी के चुने हुए पदाधिकारियों को एआईसीसी का संचालन करने वाले छोटे समूह द्वारा तैयार की गई सूचियों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। पार्टी के साथ बड़े पैमाने पर धोखे के लिए नेतृत्व पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस में हालात अब ऐसी स्थिति पर पहुंच गए है, जहां से वापस नहीं आया जा सकता। पार्टी की कमजोरियों पर ध्यान दिलाने के लिए पत्र लिखने वाले 23 नेताओं को अपशब्द कहे गए, उन्हें अपमानित किया गया, नीचा दिखाया गया। इससे पहले गुलाम नबी आजाद ने उस समय चौंकाया था जब उन्होंने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस की प्रचार समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। हैरानी की बात ये है कि कुछ घंटे पहले ही उन्हें यह पद दिया गया था। उन्होंने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर जा रहे हैं और जम्मू-कश्मीर में अपनी नई पार्टी बनाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा में शामिल होने की खबरों का खंडन किया है। पिछले दो साल के रिकॉर्ड देखें तो इनमें कई नेताओं के नाम शामिल हो चुके हैं। फिर वह ज्योतिरादित्य सिंधिया हों या जितिन प्रसाद, कपिल सिब्बल और हार्दिक पटेल। एक के बाद एक कई दिग्गज नेता कांग्रेस का दामन छोड़ दूसरी पार्टियों में शामिल हो चुके हैं। कई ऐसे भी हैं, जो पार्टी के बड़े पदों पर नहीं बैठना चाहते हैं। इनमें आनंद शर्मा जैसे दिग्गज नेता शामिल हैं। आनंद शर्मा ने पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव संचालन समिति (स्टीयरिंग कमेटी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर कांग्रेस के दिग्गज नेता पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं? क्यों कोई बड़ा नेता पार्टी के बड़े पदों को नहीं संभालना चाहता है? कांग्रेस छोड़ने वाले ज्यादातर नेताओं ने कांग्रेस नेतृत्व और खासतौर पर राहुल गांधी पर सवाल खड़े किए हैं। गुलाम नबी आजाद ने अपने इस्तीफा में लिखा है कि कांग्रेस में अब कुछ भी ठीक नहीं है। राहुल गांधी के आसपास अनुभवविहीन लोग हैं। पार्टी में अब न तो इच्छा शक्ति बची है और न ही काबिलियत। लगातार पार्टी में वरिष्ठ नेताओं को किनारे किया जा रहा है। इसके दो दिन पहले पार्टी से इस्तीफा देने वाले जयवीर शेरगिल ने भी कुछ इसी तरह के सवाल उठाए थे। शेरगिल ने लिखा था, मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि निर्णय लेना अब जनता और देश के हितों के लिए नहीं है, बल्कि यह उन लोगों के स्वार्थी हितों से प्रभावित है, जो चाटुकारिता में लिप्त हैं और लगातार जमीनी हकीकत की अनदेखी कर रहे हैं। जितिन प्रसाद, हार्दिक पटेल, ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत कई नेताओं ने भी इस्तीफा देते हुए राहुल गांधी पर ही सवाल खड़े किए थे। सभी ने अपने इस्तीफा में लिखा था कि राहुल गांधी कांग्रेस नेताओं को मिलने का समय नहीं देते हैं। वह कार्यकर्ताओं और नेताओं की बात नहीं सुनते हैं। पार्टी में लंबे समय से चुनाव नहीं हुआ है। 2019 लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद से सोनिया गांधी अंतरिम अध्यक्ष हैं। सोनिया की तबियत खराब रहती है। ऐसे में पार्टी का ज्यादातर काम राहुल ही संभालते हैं।

# महान ज्ञानी, भौंतरी बुद्धि और दारू घोटाला

अनिल बिहारी श्रीवास्तव

बीता हफ्ता मीडियाई सुर्खियों से भरा रहा। पूरे हफ्ते मनीष सिसोदिया छाये रहे। यह नहीं पूछना चाहिए कि कौन मनीष सिसोदिया? वही जो दिल्ली के उपमुख्यमंत्री हैं, वही जिनके शिक्षा फार्मूले की तूती न्यूयार्क टाइम्स के दफ्तर तक में सुनाई दी, वही जिन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाले में आरोपित बनाया गया है, वही जिनके ठिकानों पर गत दिवस सीबीआई ने छापा मारा था और वही मनीष सिसोदिया जिन्होंने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी को तोड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें मुख्यमंत्री पद का आफर दिया था। सिसोदिया ने अपने राजनीतिक गुरू और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में दावा करते हुए धमाके की उम्मीद लगाई होगी लेकिन हुआ क्या? दावा फुस्सी-बम निकला। कहीं कोई हलचल नहीं दिखी। तय मानें, लोगों ने इसे आपियों का एक और सफेद झूठ माना होगा। इसी तरह 25 अगस्त को राजघाट पर दल-बल सहित श्रद्धांजलि ड्रामे के मंचन से केजरीवाल को अपने समर्थन में जनसैलाब उमड़ पड़ने की उम्मीद रही होगी। यहां भी आम लोग की प्रतिक्रिया ठंडी दिखी। दिल्ली शराब नीति घोटाले के मामले की जांच में जैसे-जैसे पेंच कस रहा है, आम आदमी पार्टी की बेचैनी बढ़ रही है। इस मामले में सीबीआई ने सिसोदिया समेत 13 लोगों और दो कंपनियों को आरोपित बनाया है। राजनीति और प्रतिष्ठा दोनों दृष्टि से कठिन इस समय में जाति का कार्ड खेलने की कोशिश आपियों ने की। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और गुजरात के नेता इसुदान गढ़वी ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की-महाराणा प्रताप के वंशज मनीष सिसोदिया को भाजपा झूठे आरोप में परेशान कर रही है। इसके चलते गुजरात के राजपूत युवाओं में रोष है। यही बात अरविंद केजरीवाल ने आगे बढ़ाई। आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता संजय सिंह ने वही संवाद शब्दशः दोहरा दिया। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि केजरीवाल की पार्टी ने जाति का कार्ड गुजरात विधानसभा चुनावों को ध्यान में रख कर खेला है। वो सोचते हैं कि गुजरात के राजपूतों में सिसोदिया के प्रति सहानुभूति उमड़ने से विधानसभा चुनावों में को पार्टी फायदा होगा। फिलहाल ऐसा कुछ होने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

दिल्ली शराब नीति घोटाले का सच-झूठ सिसोदिया और केजरीवाल जानें या फिर सीबीआई वाले कुछ कह सकते हैं लेकिन आपियों में व्याप्त घबराहट का अनुमान इस बिरादरी के लगभग सभी तोपचियों के सक्रिय हो जाने से लगाया जा सकता है। सिसोदिया के बचाव में आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत क्यों झोंक रखी है? गौर करें, जिस दिन सीबीआई ने सिसोदिया के यहां छापा मारा, उसके साथ ही सारा दिन मीडिया के सामने आ रहे आम आदमी पार्टी के नेताओं और प्रवक्ताओं ने एक ही तरह के बयान दिये। भाजपा और केंद्र सरकार पर एक से अंदाज में आरोप लगाये गए। सिसोदिया के काम का बखान हुआ। दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था पर न्यूयार्क टाइम्स और खाड़ी के एक बड़े अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का सहारा लिया गया। यहां दो बातें नोटिस की गईं। पहली यह कि दोनों अखबारों में प्रकाशित सामग्री कमोवेश समान थी। यानि, एक ही व्यक्ति ने दोनों अखबारों के लिए लिखा था। मतलब साफ है कि दोनों में प्रायोजित सामग्री छापी गई थी। इस खेल का मकसद क्या रहा होगा? विज्ञापनबाजी के खेल में दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार कौन वाकिफ नहीं है? एक आरटीआई के उत्तर में सूचना और प्रचार निदेशालय बताया है कि वर्ष 2021-2022 में विज्ञापनों पर 488.97 करोड़ खर्च किए गए। इसमें से 125.15 करोड़ की राशि अकेले मार्च माह में खर्च की गई। यह बात नोटिस की गई कि केजरीवाल सरकार आने के बाद दिल्ली सरकार का विज्ञापन व्यय लगातार बढ़ता गया। 2012 की तुलना में 2021-2022 में केजरीवाल सरकार का विज्ञापन व्यय 4200 प्रतिशत अधिक



बताया जा रहा है। टीवी चैनलों और बड़े अखबारों पर अक्सर दिखने वाले दिल्ली सरकार के विज्ञापन स्वयं बताते हैं कि किसका चेहरा चमकाने की कोशिश की जा रही है? किस उद्देश्य से सरकारी खजाने को उलीचा जा रहा है? अतः न्यूयार्क टाइम्स में सिसोदिया के यशगान के पीछे के सत्य को समझना मुश्किल नहीं है। छापे वाले दिन दूसरी बात यह नोटिस की गई कि आम आदमी पार्टी के तमाम नेता शिक्षा विभाग में सिसोदिया के काम की ही बात करते रहे जबकि छापा आबकारी विभाग में हुए घोटाले के संबंध में मारा गया था। भले ही सिसोदिया ने शिक्षा विभाग में अच्छा काम किया हो पर उन्हें यह बताना होगा कि दिल्ली सरकार की विवादास्पद नई शराब नीति से उठी दुर्गंध की वजह क्या है? यदि नई शराब नीति अच्छी थी तब उसे वापस लेने की वजह क्या रही? माना जा रहा है कि नई शराब नीति में 8000 करोड़ से अधिक का घोटाला हुआ है। शराब बिक्री से सरकारी खजाने में आने वाली राशि और रीटेलर के मुनाफे का गणित क्यों पलटा? जानकार सूत्रों का कहना है कि प्रति बोतल बिक्री से पहले जितनी राशि सरकारी खजाने में जाती थी नई शराब नीति के कारण वह रीटेलर की जेब में जाने लगी थी। इसी तरह प्रति बोतल जो मुनाफा रीटेलर कमाता था कमोवेश वही राशि सरकार को एक्साइज ड्यूटी और वेट के रूप में मिलने लगा। मामले में चार मुख्य आरोप बताये गए हैं-(1)सक्षम प्राधिकारी की अनुमति बगैर आबकारी नीति को बनाया और लागू किया गया (2)इसका उद्देश्य टेंडर प्रक्रिया के बाद लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाना था (3)एल-वन लाइसेंस लेने वाली कई कंपनियों ने रिटेल वेंडर्स को क्रेडिट नोट जारी किया और (4) बही-खातों को सही दिखाने के लिए उसमें फर्जा इंट्री कर दी गई। सवाल यह है कि सिसोदिया पर अंगुली क्यों न उठे? वह पाक-साफ हैं तो घबराने की क्या जरूरत है? बयानबाजी और भाषणबाजी छोड़ कर उन्हें जांच में सहयोग देना चाहिए। माना जा रहा है कि सीबीआई अगर इस घोटाले का सच सामने लाने में कामयाब हो जाती है, तब आम आदमी पार्टी के लोगों को मुंह दिखाना मुश्किल हो जाएगा। भ्रष्टाचार के विरूद्ध संघर्ष के लक्ष्य के साथ अस्तित्व में आई आम आदमी पार्टी के दामन में ही दाग दिखाई दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी खंदक की लड़ाई जैसी स्थिति में फंसी दिखाई दे रही है। केजरीवाल सरकार की मुश्किलें और बढ़ सकतीं हैं क्योंकि सीबीआई 2020 में हुई एक हजार लो-फ्लोर एयर कंडीशंड बसों की खरीदी की भी जांच कर रही है। इसकी प्रारंम्भिक जांच जनवरी में शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया में आपियों की मौजूदा दशा पर सटीक कमेंट पढ़ा था। किसी ने लिखा था-आपिये गाल बजाने में आगे रहते हैं। शराब नीति घोटाला का सच अब इन्हें बजायेगा। लोग केजरीवाल और सिसोदिया द्वारा दी जा रही सफाई पर भरोसा नहीं कर रहे हैं। भाजपा ने सिसोदिया को चुनौती दी है कि वह उस भाजपा नेता का नाम बतायें जिसने उन्हें मुख्यमंत्री पद का आफर दिया था । भाजपा के गौरव भाटिया कहते हैं कि यदि केजरीवाल कट्टर ईमानदार हैं तो वह उठाये जा रहे प्रश्नों के उत्तर क्यों नहीं देते? इसबीच आपिये खेमे से एक और शिगूफा छोड़ा गया। अब यह प्रचारित कर किया जा रहा है कि आम आदमी पार्टी के विधायको को 20 से 25 करोड़ रूपयों के आफर भाजपा के लोग दे रहे हैं।

## साधना और सुविधा

आसक्ति के पथ पर आगे बढ़ने वाले अपनी आकांक्षाओं को विस्तार देते हैं। उनकी इच्छाओं का इतना विस्तार हो जाता है, जहां से लौटना संभव नहीं है। उस विस्तार में व्यक्ति का अस्तित्व विलीन हो जाता है। फिर वह अपने लिए नहीं जीता। उसके जीवन का आधार पदार्थ बन जाता है। पदार्थ जब मनुष्य पर हावी हो जाए तो समस्या क्यों नहीं होगी? आसक्ति अपने आप में समस्या है। इस समस्या का समाधान पदार्थ के विस्तार में नहीं, संयम में है। संयम के पथ पर वही चल सकता है, जो पदार्थ से विरक्त होने लगता है। जिन लोगों को विरक्ति का पथ प्राप्त है, जो जीवनभर इस पथ पर चलने के लिए कृतसंकल्प हैं, उनके सामने किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं होना चाहिए। पदार्थ जीवन की आवश्यकता की पूर्ति का साधन है, यह भाव जब तक प्रबल रहता है, उसके प्रति आसक्ति पैदा नहीं होती। किंतु जब पदार्थ साध्य बन जाता है, तब व्यक्ति का दृष्टिकोण बदल जाता है। बदला हुआ दृष्टिकोण व्यक्ति को स्वच्छंद बनाता है, सुविधावादी बनाता है और उसे संग्रह की प्रेरणा देता है। स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति- ये तीन सकार साधना के विघ्न हैं। साधना के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए इनका सीमाकरण करना ही होगा। वैचारिक स्वतंत्रता का जहां तक प्रश्न है, साधना के साथ उसका कोई विरोध नहीं है। पर विचार की स्वतंत्रता की यह अर्थ नहीं है कि व्यक्ति अपनी सीमा, संविधान और परंपरा से विमुख होकर उच्छृंखल बन जाए। उच्छृंखलता या स्वच्छंदता जहां प्रवेश पा लेती है, वहां से अनुशासन, व्यवस्था आदि तत्वों का पलायन हो जाता है। यह स्थिति व्यक्ति और समूह दोनों के लिए हितकर नहीं है। सुविधा के साथ भी साधना का विरोध नहीं है।

## टोमैटो फ्लू के लक्षण, कारण और उपचार

योगेश कुमार गोयल

विगत कुछ वर्षों से देश में नए-नए वायरस दस्तक देकर लोगों को डरा रहे हैं। कोरोना और मंकीपॉक्स के बाद अब बच्चों में टोमैटो फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं, जिसे लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की चिंता बढ़ गई है। भारत में पहली बार 6 मई को केरल के कोल्लम जिले में एक बच्चे में टोमैटो फ्लू की पुष्टि हुई थी और 'लांसेट' जर्नल की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक तब से केरल में इसके 82 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, वहीं उड़ीसा में 26 से ज्यादा बच्चे इससे बीमार हो चुके हैं। सभी बच्चों की उम्र 9 साल से कम है और यह वायरल संक्रमण अब केरल तथा उड़ीसा के अलावा तमिलनाडु और कर्नाटक में भी फैल रहा है। केरल में तो हाल के दिनों में टोमैटो फ्लू के मामलों में अचानक वृद्धि दर्ज की गई है। टोमैटो फ्लू के संबंध में विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर पांच साल तक के बच्चों को निशाना बनाने वाला यह फ्लू आंतों के वायरस के कारण है, जो वायरस से बचाव के लिए पर्याप्त प्रतिरक्षा प्रणाली होने के कारण व्यस्कों में दुर्लभ होता है। संक्रमण को लेकर प्रारंभिक रिपोर्टों में सामने आया है कि यह एक दुर्लभ प्रकार का वायरल संक्रमण है जबकि कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि यह रेयर इंफेक्शन है, जो डेंगू या चिकुनगुनिया के बाद हो सकता है और यह इनका साइड इफेक्ट भी हो सकता है।

हालांकि 'टोमैटो फ्लू' नाम से ऐसा लगता है, जैसे यह टमाटर खाने से होने वाली कोई बीमारी है लेकिन वास्तव में इसका टमाटर से कोई संबंध है ही नहीं। इसे टोमैटो फ्लू नाम इसीलिए दिया गया है क्योंकि इसमें शरीर पर टमाटर के आकार जैसे फफोले हो जाते हैं लेकिन अधिकांश लक्षण दूसरे वायरल इंफेक्शन जैसे ही होते हैं। टोमैटो फ्लू वास्तव में एक वायरल बीमारी है, जिसमें दस साल से कम उम्र के बच्चों को बिना निदान



के बुखार का अनुभव होता है। यह बेहद संक्रामक बीमारी है लेकिन अभी इसे लेकर यह स्पष्ट नहीं है कि यह बीमारी कैसे फैलती है। हालांकि विशेषज्ञ इससे बचने के लिए बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षममता मजबूत बनाए रखना तथा हायजीन का खास ख्याल रखना जरूरी बता रहे हैं। अभी तक के अनुभवों के आधार पर विशेषज्ञों का यही कहना है कि टोमैटो फ्लू से बच्चों में जान का खतरा ज्यादा नहीं है लेकिन यह बेहद संक्रामक है। विशेषज्ञों के मुताबिक टोमैटो फ्लू एक तरह की 'हैंड, फुट एंड माउथ' वाली बीमारी है, जिसमें हाथ, पैर और मुंह पर लक्षण दिखते हैं। बच्चों को बुखार आना और उसके बाद त्वचा पर लाल निशान पड़ना इसके प्रमुख लक्षण हैं। इसमें निर्जलीकरण के साथ-साथ हाथ, पैर और मुंह पर बड़े-बड़े दाने होने लगते हैं, जिनका रंग प्रायः टमाटर जैसा लाल होता है और चकत्तों का आकार भी धीरे-धीरे बढ़कर टमाटर जैसा हो जाता है। चिकित्सकों ने टोमैटो फ्लू के चकत्तों के दानों की तुलना मंकीपॉक्स से जबकि बुखार के लक्षणों की तुलना डेंगू, चिकनगुनिया और हाथ, पैर तथा मुंह की बीमारी से की है। फिलहाल टोमैटो फ्लू को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय चिंतित है और कई राज्यों को अलर्ट पर रखा गया है। इसे खतरनाक बनने से रोकने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। फ्लू के अन्य मामलों की तरह यह भी संक्रामक है, जो छूने से भी फैलता है, इसीलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा सलाह दी जा रही है कि आपके आसपास यदि कोई इस बीमारी से पीड़ित है तो उससे दूरी बनाकर रखें और खासकर बच्चों को ऐसे मरीज के करीब न आने दें अन्यथा बच्चा बड़ी आसानी से इसका शिकार हो सकता है। यदि आपका बच्चा टोमैटो फ्लू की चपेट में आ गया है तो उसे अलग कमरे में रखते हुए उसके निकट सम्पर्क से बचने का प्रयास करें। ऐसे मरीज को 5-7 दिनों तक आइसोलेशन में रखा जाता है। फ्लू को फैलने से रोकने के लिए संक्रमित बच्चे द्वारा उपयोग किए जाने वाले कपड़े, बर्तन तथा अन्य सामान को अलग से साफ करना बेहद जरूरी है। टोमैटो फ्लू का कोई विशिष्ट उपचार नहीं है, इसलिए इसे केवल लक्षणात्मक रूप से प्रबंधित किया जा सकता है। बच्चे को टोमैटो फ्लू हो जाने पर घर के अंदर तथा आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बच्चे के शरीर पर लाल चकत्ते होने पर उसे खुजलाने न दें। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बीमारी की सबसे बड़ी समस्या रोगी के शरीर में पानी की कमी हो जाना है।

# गणेशजी की रोचक लघुकथाएँ

### सूडोकु नवताल- 6176

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 6175 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

डॉ. शारदा मेहता

### गणेश पूजन में दूर्वा

पौराणिक धार्मिक ग्रन्थों के अनुसार गणेशजी को दूर्वा अवश्य चढ़ाना चाहिए। अनलासुर नामक एक राक्षस था। वह देखने में भयानक लगता था। वह साधु संतों को जीवित अवस्था में ही निगल जाता था। सभी बड़े दुःखी और अशान्त थे। चारों ओर हाहाकार मचा हुआ था। सभी सन्तजनों ने गणेशजी से प्रार्थना की कि वे इस दानव से मुक्ति प्रदान करें और उनकी रक्षा करें। गणेशजी ने सन्तों की प्रार्थना सुनी और वे अनलासुर राक्षस के पास गए। उन्होंने राक्षस को निकल लिया। ऐसा करने से गणेशजी के पेट में जलन होने लगी। गणेशजी बड़े परेशान हो गए। कश्यप ऋषि ने उन्हें हरी दूर्वा की इक्कीस और ग्यारह गाँठ चढ़ाई। इस प्रकार गणेशजी के पेट की जलन का शमन हो गया। तभी से गणेशजी को दूर्वा चढ़ाने की परम्परा चली आ रही है। कुछ धार्मिक ग्रन्थों में गणेशजी को दूर्वा की माला पहनाने का वर्णन भी प्राप्त होता है। दूर्वा एक सर्वसुलभ घास होती है जो बारीक होती है। इसकी तीन या पाँच की संख्या में इक्कीस या ग्यारह गाँठें बनाई जाती है। पवित्र स्थानों की दूर्वा का ही पूजन में उपयोग किया जाना चाहिए। भक्त अपने सामर्थ्य के अनुसार ही हरी या सफेद दूर्वा का उपयोग कर सकते हैं। गणेश चतुर्थी, बुधवार या अन्य कोई भी पूजन विधान हो भक्तजन सर्वप्रथम गणेशजी का ही पूजन करने की व्यवस्था करते हैं।



### तुलसी और गणेश पूजन

भगवान के पूजन में तुलसी दल का विशेष महत्व है। श्रीकृष्ण, श्रीविष्णु तथा श्रीराम का पूजन करते समय तुलसी चढ़ाई जाती है। किन्तु गणेशजी के पूजन में तुलसी चढ़ाना वर्जित है। पौराणिक ग्रन्थों में इस सम्बन्ध में विशेष उल्लेख प्राप्त होता है। ग्रन्थों के आधार पर ऐसी कथा है कि एक बार तुलसी (वृन्दा) नदी के किनारे घूम रही थी। उसे वहाँ ध्यान मग्न गणेशजी दिखे। वे एक सुन्दर सिंहासन पर विराजमान थे और उन्होंने चन्दन का लेप अपने सम्पूर्ण शरीर पर लगा रखा था। तुलसी उनके समीप गई और अपने सौन्दर्य से उन्हें रिझाने लगी। उसने गणेशजी के सामने विवाह का प्रस्ताव भी रखा। गणेशजी ने उसके प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जिससे वह क्रोधित हो गई और उसने गणेशजी को शाप दिया कि तुम्हारे दो विवाह होंगे। इस शाप से गणेशजी क्रोधित हो गए और उन्होंने तुलसी को शाप दिया कि तुम्हारा विवाह शंखचूड़ राक्षस से ही होगा और तुम पौधे के रूप में घर के बाहर ही रहोगी। पति की मृत्यु के बाद श्री विष्णु ने तुलसी को राधा की तरह स्थान दिया और कहा कि मेरे हृदय में तुम हमेशा निवास करोगी।

### गणेशजी को मोदक की प्राप्ति

एक बार देवगण गजानन तथा षड़ानन के दर्शनार्थ आए। दोनों बालकों के दर्शन से वे अत्यधिक प्रसन्न हुए। देवताओं ने एक दिव्य मोदक माता पार्वती को दिया। मोदक देखकर दोनों बालक उस मोदक को खाने के लिए माँगने लगे। माता पार्वती ने उन दोनों बालकों को उस मोदक की विशेषता सुनाई। मोदक की गंध से अमरत्व की प्राप्ति होती है। जो इस मोदक को खाता है उसे दिव्य गुणों की प्राप्ति होती है। वह सभी शास्त्रों का ज्ञाता, विद्वान्, प्रवीण लेखक, चित्रकार तथा सभी विषयों में पारंगत हो जाता है। माता पार्वती ने दोनों बालकों से कहा कि तुम दोनों में से जो भी धर्माचरण के द्वारा अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर देगा, वही इस मोदक को प्राप्त करने का अधिकारी होगा। तुम्हारे पिता शंकरजी की भी यही इच्छा है। माता की आज्ञा सुनकर कार्तिकेय अपने वाहन मयूर पर सवार होकर तीर्थों की यात्रा पर चल दिए और सम्पूर्ण तीर्थों में स्नान कर वापस आ गए। गणेशजी भी अपने वाहन मूषक पर सवार होकर निकले और उन्होंने अपने माता-पिता की सात परिक्रमा की और उनके सम्मुख करबद्ध खड़े हो गए। उन्होंने उस दिव्य मोदक को प्राप्त करने का अपने आपको अधिकारी सिद्ध कर दिया। माता-पिता का सभी तीर्थों से सर्वोपरि स्थान है। संयम, नियम, अनुष्ठान, तीर्थस्थान, व्रत, उपवास, योग, ध्यान सभी माता-पिता के सम्मान के सामने नगण्य है। माता-पिता की सेवा भक्ति सर्वोपरि है।

## भ्रष्टाचार के भवन को कौन गिराएगा ?

डॉ वेदप्रताप वैदिक

सुपरटेक द्वारा निर्मित नोएडा के दो संयुक्त टॉवरों का गिराया जाना अपने आप में एतिहासिक घटना है। पहले भी अदालत के आदेशों और सरकारों के अपने हिसाब से कई इमारतें भारत के विभिन्न प्रांतों में गिराई गई हैं लेकिन जो इमारतें कुतुब मीनार से भी ऊंची हों और जिनमें 7000 लोग रह सकते हों, उनको अदालत के आदेश पर गिराया जाना सारे भारत के भ्रष्टाचारियों के लिए एक कड़वा सबक है। ऐसी गैर-कानूनी इमारतें सैकड़ों-हजारों की संख्या में सारे भारत में खड़ी कर दी गई हैं। नेताओं और अफसरों को रिश्वतों के दम पर ऐसी गैर-कानूनी इमारतें खड़ी करके मध्यमवर्गीय ग्राहकों को अपने जाल में फंसा लिया जाता है। वे अपना पेट काटकर किश्तें भरते हैं, बैंकों से उधार लेकर प्रारंभिक राशि जमा करवाते हैं और बाद में उन्हें बताया जाता है कि जो फ्लेट उनके नाम किया गया है, अभी उसके तैयार होने में काफी वक्त लगेगा। लोगों को निश्चित अवधि के दस-दस साल बाद तक उनके फ्लेट नहीं मिलते हैं। इतना ही नहीं, नोएडा में बने कई भवन ऐसे हैं, जिनके फ्लेटों में बेहद घटिया सामान लगाया गया है। ये भवन ऐसे हैं कि जिन्हें गिराने की भी जरुरत नहीं है। वे अपने आप ढह जाते हैं, जैसे कि गुड़गांव का एक बहुमंजिला भवन कुछ दिन पहले ढह गया था। नोएडा के ये संयुक्त टावर सफलतापूर्वक गिरा दिए गए हैं लेकिन भ्रष्टाचार के जिन टॉवरों के दम पर ये टॉवर खड़े किए गए हैं, उन टॉवरों को गिराने का कोई समाचार अभी तक सामने नहीं आया है। जिन नेताओं और अफसरों ने ये गैर-कानूनी निर्माण होने दिए हैं, उनके नामों की सूची उ.प्र. की योगी सरकार द्वारा तुरंत जारी की जानी चाहिए। उन नेताओं और अफसरों को अविलंब दंडित किया जाना चाहिए। उनकी पारिवारिक संपत्तियों को जब्त किया जाना चाहिए। जो नौकरी में हैं, उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए। जो सेवा-निवृत्त हो गए हैं, उनकी पेंशन बंद की जानी चाहिए। अदालतों को चाहिए कि उनमें से जो भी दोषी पाए जाएं, उन अधिकारियों को तुरंत जेल भेजा जाए। कुछ नेताओं और अफसरों को चैराहों पर खड़े करके हंटरों से उनकी चमड़ी भी उधेड़ दी जाए ताकि भावी भ्रष्टाचारियों के रोंगटे खड़े हो जाएं। यदि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यदि यह करतब करके दिखा सकें तो उनकी छवि 'भारत के महानायक' की बन जाएगी। इन 30-30 मंजिला भवनों को बनाने की इजाजत देनेवाली 'नोएडा अथॉरिटी' को सर्वोच्च न्यायालय ने 'भ्रष्ट संगठन' की उपाधि से विभूषित किया है। यदि केंद्र और उप्र सरकार इस मुद्दे पर चुप्पी मारे रखे तो मैं अपने पत्रकार बंधुओं से आशा करुंगा कि इन गैर-कूननी भवनों के निर्माण-काल में जो भी मुख्यमंत्री, मंत्री और अधिकारी रहे हों।

# बाढ़ पीड़ित क्षेत्र की स्थिति बदतर होती जा रही हैः पंकज





**कैलारस।** पिछले दिनों चंबल नदी में आई भीषण बाढ़ से पीड़ित क्षेत्रों का दौरा कर रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं जौरा विधानसभा प्रत्याशी पंकज उपाध्याय ने बताया कि बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। चंबल नदी में आई भीषण बाढ़ से हौरावरा बीलगाडा, बहादुरपुरा, वैद्पुरा, आमलीपुरा गांव की समस्त फसल चौपट हो चुकी है वहीं बिजली ना होने कारण ग्रामवासी दूषित पेयजल पीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। कई गांव में अभी तक बाढ़ के नुकसान का सर्वे भी नहीं हुआ है। वहीं दूसरी ओर बाढ़ के पानी से चारों तरफ गंदगी पसरी हुई है और गंभीर बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उपाध्याय ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में पहुंचा कर बीमारी उन्मूलन हेतु दवाइयों का वितरण की जाए ग्राम बीलगाडा के रहवासियों ने बताया कि उनके गांव में अभी तक पटवारी द्वारा सर्वे भी नहीं किया गया है। मगरमच्छ के द्वारा कई पशुओं को नुकसान किया जा चुका है, उसका भी अभी तक सर्वे नहीं हुआ है। पंकज उपाध्याय ने आरोप लगाया कि कई गांव में पिछली बार बाढ़ पीड़ित को मिलने वाला मुआवजा अभी तक नहीं मिला है। कई स्थानों पर वर्षों की पूंजी से बनाए गए मकान ध्वस्त हुए हैं परंतु प्रशासन या राज्य सरकार द्वारा कोई भी आश्वासन नहीं दिया गया है। पंकज उपाध्याय ने मांग की है कि जल्द से जल्द बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों का सर्वे किया जाए फसल एवं मकान में नुकसान हुआ है उन्हें जल्द से जल्द राहत राशि दी जाए। बिजली की व्यवस्था सुचारू की जाए एवं बाढ़ से पसरी गंदगी से महामारी रोकने के लिए अभी से ही स्वास्थ्य विभाग जागरूक रहें। कई गांव में रास्ते कटने से आवागमन बंद हो गया है। सुधार कर जल्द से जल्द चालू किया जावे। हवाई दौरे एवं सूचनाएं करने से राहत नहीं मिलेगी जमीनी स्तर पर राजस्व अमले को पहुंचा कर स्तिथि का जायजा लें अन्यथा कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगी।

### हवाई दौरे केवल छलावा, जमीन पर कोई मदद नहींः उपाध्याय

जौरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंकज उपाध्याय ने बाढ़ पीड़ित जौरा विधानसभा का दौरा किया जिसमें ग्राम वैद्पुरा, आमलीपुरा, जुगुरूआपुरा, हौरावरा, बिलगाडा, मलपुरा का दौरा किया एवं बाढ़ पीडित परिवारों से मिले। उपाध्याय ने बताया कि लगभग सभी गांव चंबल के पानी से घिरे हुए थे आमलीपुरा, जुगुरूआपुरा, बिलगाडा तो टापू बन गया था, जिसमें 7 दिन बाद आवागमन आरम्भ हो सका है। पंकज उपाध्याय ने आरोप लगाया कि सरकार के बड़े नेता केवल हवाई दौरा कर रहे हैं, नीचे की जनता भूखी और प्यासी मर रही है। कई गांव में रास्ता नहीं है, बीमार बच्चे और महिलाएं घर पर ही बीमारी से संघर्ष कर रहे हैं। ग्राम बिलगाडा में रास्ता ना होने के कारण ग्रामवासी परेशान हो रहे है, 7 किलोमीटर तक महिला बच्चों को पैदल जाना पड रहा है व 7 दिन से किसी ग्राम में बिजली नहीं है, पीने के पानी के लिए भी आमजन परेशान हैं।

## धूमधाम से मनाई जायेगी अग्रसेन जयंतीः सतीश



**मुरैना।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन जयंती 26 सितम्बर को मुरैना जिले की सभी तहसीलों पर धूमधाम से मनायी जायेगी। अगले दो बर्ष कोरोना महामारी के कारण चल समारोह नहीं निकल पाये थे, लेकिन इस बर्ष चल समारोह धूमधाम से निकालें। हर तहसील गाँव शहर में जयंती मनाये चल समारोह के लिए समिति गठित कर जिम्मेदारी दी जाए। अग्रवाल समाज के भाई बहनों के सहयोग से भव्य चल समारोह निकाला जाए। अग्रवाल महासभा के पदाधिकारी समाज के बंधुओ से सहयोग लेकर अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की जयंती पर सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करें और प्रभात फेरी, चल समारोह अवश्य निकाले।

## जिला अग्रवाल महासभा का होगा पुनर्गठनः गर्ग

**मुरैना।** जिला अग्रवाल महासभा के संरक्षक एवं के. एस ग्रुप के चेयरमैन रमेश चंद्र गर्ग के निर्देश पर महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश गर्ग एडवोकेट द्वारा अग्रवाल महासभा की जिला इकाई को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। श्री गर्ग ने बताया कि पिछले समय कोविड महामारी के कारण हमने अपने कई लोगों को खो दिया है और कुछ पदाधिकारी अस्वस्थता के कारण सक्रिय भागीदारी नहीं कर पा रहे। आगामी समय में 26 सितंबर को अग्रसेन जयंती का आयोजन संपूर्ण जिले में भव्यता के साथ होना है, जिसमें विभिन्न इकाइयों द्वारा विभिन्न प्रकार के सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। श्री गर्ग ने बताया कि आगामी समय में अग्रवाल समाज को ओर गतिशीलता प्रदान करने के लिए पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं की सक्रियता बहुत आवश्यक है, इसलिए शीघ्र ही संरक्षक एवं समस्त निकायों से विचार विमर्श कर नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र की जाएगी। उन्होंने जिले की कुछ शिथिल पड़ी इकाइयों का पुनर्गठन करने की बात भी कही है, जो स्थानीय इकाइयों के परामर्श पर किया जावेगा।

# शासकीय अस्पताल के सामने अंडर ब्रिज बनाने के लिए 26वें दिन भी जारी रही भूख हड़ताल

### अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने दिया आंदोलन को समर्थन

**कैलारस।** नगर क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय अस्पताल के सामने अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर नागरिकों की ओर से जारी आंदोलन 26 वे दिन में प्रवेश कर गया। आज भूख हड़ताल निरंतर जारी रही भूख हड़ताल पर बैठने वालों में नरेश जाटव, इल्यास खान, सत्यनारायण शाक्य, हलुकेराम जाटव, रामदयाल जाटव, सोनू खान, मिथुन जाटव आदि शामिल रहे। भूख हड़ताल पर बिठाने वालों में नेतागण नंदलाल खरे, समीर खान, सत्तार खान, रतन लाल शाह आदि प्रमुख रहे। आंदोलन का अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति द्वारा समर्थन किया गया। इस मौके पर समिति की प्रांतीय सचिव सुश्री रीना शाक्य द्वारा आंदोलन स्थल पर पहुंचकर शामिल महिला पुरुषों को समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने अंडर ब्रिज बनाने की जायज मांग को पूरा समर्थन देते हुए हर स्तर पर सहयोग देने का वायदा किया। सभा को वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश श्रीवास ने आंदोलनकारियो को सम्वोधित करते हुए समर्थन किया। आंदोलन में महिला और पुरुषों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।



# मोदी सरकार गरीबों के मुंह का निवाला छीन रही हैः माकपा

### -सितम्बर में देश भर में जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अभियान चलेगा

**मुरैना।** जब देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, तब नरेन्द्र मोदी सरकार ने दूध, दही और खाद्यान्त्र पदार्थों पर जीएसटी लगाकर आम जनता के मुंह से निवाला छीना है। मोदी सरकार ने यह 5 प्रतिशत जीएसटी तब लगाई है, जब कारपोरेट घरानों पर लगने वाले टेक्स को 30 फीसद से घटा कर 28 फीसद कर दिया गया है। जिससे साफ है कि यह सरकार गरीब जनता की नहीं, चंद कारपोरेट घरानों की सरकार है।मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने इकाईयों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कही। माकपा नेता ने कहा कि 2014 में 60 रुपए लीटर का पेट्रोल का मोदी और भाजपा विरोध किया करती थी। आज पेट्रोल 115 रुपये है। 414 रुपये वाला गैस सिलेंडर अब 1150 रुपये में मिल रहा है। डीजल की भी यही स्थिति है। इस महंगाई के लिए मोदी सरकार और उसकी कारपोरेटपरस्त व जनविरोधी नीतियां ही जिम्मेदार हैं। जसविंदर सिंह ने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही देश मे पाँच दशक में सबसे अधिक बेरोजगारी है। तब केंद्र सरकार के विभागों में ही दस लाख से ज्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं। राज्य सरकार के विभागों के भी लाखों पद खाली हैं। पब्लिक सेक्टर को बर्बाद कर चहेते पूंजीपतियों को बेचा जा रहा है। शिक्षा को महंगा कर छात्रों युवकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। माकपा नेता ने बिलकिस बानो के बलात्कारियों को भाजपा सरकार द्वारा रिहा कर सम्मानित करने की निंदा करते हुए कहा कि इस भाजपा सरकार का महिला विरोधी मनुवादी चेहरा बेनकाब हुआ है। राजस्थान के जालौर में दलित छात्र की पीट-पीट कर इसलिए हत्या कर दी जाती है कि उसने सवर्ण मास्टर के मटके से पानी पी लिया था। यह स्कूल आरएसएस का सरस्वती शिशु मंदिर है। इससे संघ की मनुवादी मानसिकता उजागर होती है। जसविंदर सिंह ने नरेन्द्र सरकार की संविधान विरोधी, लोकतंत्र विरोधी नीतियों का भी जिक्र किया और नीतियों के खिलाफ देश भर में 14 सितम्बर से 24 सितंबर तक चलाये जाने के आव्हान की जानकारी दी।

# आचार्य आनंद टीम ने बाढ़ पीड़ितों को कराया हलवा-चना और केले का नाश्ता

**अम्बाह।** बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद को सदैव तत्पर आचार्य आनंद टीम ने रविवार को सुबह छः स्थानों पर रूके बाढ़ पीड़ितों को चना हलवा और केले का नाश्ता कराया। चंबल नदी के जलस्तर में कमी होने के बावजूद बाढ़ से पीडित सैकड़ों परिवार अभी राहत शिविरों में रुके हुए। इन शिविरों में रुके निबरीपुरा,विस्वापुरा, कंचनपुरा, घेर, छेंकुरिय, मल्हनकापुरा सैकड़ों परिवारों के लिए सुबह का पौष्टिक नाश्ता आचार्य आनंद टीम के सदस्य ने स्वयं तैयार किया। आचार्य आनंद क्लब के अध्यक्ष समाज सेवी सुधीर आचार्य और अरविंद मावई ने संयुक्त रूप से बताया कि



सुबह पांच सौ से अधिक लोगों के लिए आनन्दक साथियों ने नाश्ता तैयार किया। जिसमें गोपाल दीक्षित, कदम सिंह, बिंदुसार सिंह तोमर, अंकित मिश्रा, महेंद्र सखवार, अरविन्द मावई, दुष्यंत सिंह तोमर, सुधीर आचार्य, ब्रजेश सैनी, सचिन तोमर, देव गुर्जर, बालकृष्ण शर्मा का विशेष सहयोग रहा। सुधीर आचार्य ने आगे बताया कि घर द्वार से बाढ़ का पानी उतरने और पानी उतरने के बाद चंबल द्वारा छोड़े गए मलबे को साफ करने, कीटनाशक दवाओं के छिड़काव होने के सप्ताह भर बाद यह पीड़ित परिवार घर पहुंच सकेंगे, तब तक इन्हें सहयोग की आवश्यकता है।

## बनखंडी रोड तिराहे पर लगाई जाए दलकू बाबा की प्रतिमाः अमन



**मुरैना।** अखिल भारतीय युवा क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमन सिंह सिकरवार ने क्षत्रिय समाज के महापुरुष दलपत राव सिंह सिकरवार (दलकू बाबा) की प्रतिमा के स्थापना हेतु प्रशासन एवं नवीन महापौर को ज्ञापन के माध्यम से पुनः आग्रह किया है। जानकारी के अनुसार युवा क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सिकरवार सर्व समाज के युवाओं के साथ पिछले 4 वर्षों से दलकू बाबा की प्रतिमा के लिए प्रयासरत हैं। पिछली नगर पालिक निगम की बैठक के दौरान दलकू बाबा की प्रतिमा को लेकर विचार हुआ था, जिसमें अधिकतम पार्षदों की सहमति हुई थी किंतु कोरौना काल के दौरान यह मामला दबकर रह गया। इस दौरान अमन सिंह ने कहा कि यदि बनखंडी रोड तिराहे पर जल्द से जल्द दलकू बाबा की प्रतिमा लगाए जाने का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो नगर निगम के विरुद्ध सर्व समाज के युवाओं के साथ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# कान्यकुब्ज समाज को संगठित करना हम सबका दायित्वः वाजपेयी

### सामाजिक गतिविधियां सुचारू रखने हर महीने होगी बैठक, सदस्यता अभियान भी चलेगा



**मुरैना।** कान्यकुब्ज समाज को सशक्त बनाने व संगठित करने के लिए हम सबको एक साथ एक मंच पर एकत्रित होना होगा। इसके लिए हमारा अभियान सिर्फ मीटिंग तक ही सीमित न रहे। इसके लिए बाकायदा सदस्यता अभियान चलाया जाए, ताकि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संगठन के बैनर तले एकत्रित किया जा सके। यह बात गांधी कॉलोनी रामजानकी (त्रिवेणी) मंदिर पर आयोजित कान्यकुब्ज समाज की बैठक में अशोक वाजपेयी ने कही। समाज के वरिष्ठजन राजकुमार दुबे (शुक्ला होटल), रघुनंदन दुबे, नरेंद्र कुमार वाजपेयी, सुभाषचंद्र दुबे, राजकुमार द्विवेदी आदि ने कहा कि समाज को संगठित करने का सबसे आसान उपाय है, घर-घर जाकर सघन जनसंपर्क और समाजबंधुओं के नाम व मोबाइल नंबर की सूची संधारित करना, ताकि उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा जा सके। बैठक में तय किया गया कि समाज को एकत्रित करने के बाद अन्य गतिविधियों पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में अजय कुमार मिश्रा, कृष्णनारायण शुक्ला, विनोद मिश्रा, राजीव दीक्षित, अमित शुक्ला, सत्येंद्र तिवारी, गोविंद मिश्रा उर्फ गुड्डू, रोशनलाल दुबे, आनंद त्रिवेदी, मोहन दीक्षित, दीपक शुक्ला, सुमित दुबे, आशुतोष दुबे, वासुदेव दुबे, बृजेश मिश्रा, मनोज दीक्षित, मनीष त्रिपाठी, शिवकुमार वाजपेयी, अनिल कुमार मिश्रा, हरीगोपाल दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए 10 करोड़ विधायक ने कराए स्वीकृत

**मुरैना।** क्षेत्र के विधायक राकेश मावई ने मुरैना जिले के प्रतिभावान छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके खेलकूद हेतु इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि खेल एवं युवा वर्ग मंत्री के माध्यम से स्वीकृत कराई है। विधायक द्वारा किए गए प्रयास से मुरैना जिले के खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। गौरतलब है कि विधायक श्री मावई ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मध्य प्रदेश यशोधरा राजे सिंधिया को 1 वर्ष पूर्व इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉन्प्लेक्स हॉल एवं मल्टी ग्रेटेड एथलेटिक्स 400 मीटर सिंथेटिक ट्रैक के लिए पत्र लिखा और लगातार इसके लिए राशि स्वीकृत कराने हेतु प्रयास करते रहे। विधायक के तमाम प्रयासों के बाद खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मुरैना जिले के होनहार खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए मांग को स्वीकृत कर लिया गया है और उसके लिए 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी गई है, जिस पर शीघ्र ही कार्य आरंभ होगा। इसके निर्माण से मुरैना जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और वह विभिन्न खेल वॉलीबॉल, खो खो, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस दौड़ आदि की तैयारी मुरैना में ही कर सकते हैं। खेल मैदान के लिए राशि स्वीकृत होने से मुरैना जिले के खिलाड़ियों में हर्ष की लहर है और उन्होंने विधायक के प्रति आभार जताया है तो वहीं विधायक श्री मावई ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री का भी आभार जताया है।



## भाजपा ग्रामीण मंडल ने बाढ़ प्रभावितों को किया राशन का वितरण



**मुरैना।** रविवार को भाजपा मुरैना ग्रामीण मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता चंबल नदी के किनारे बसे गांव भानपुर, जैतपुर मैं बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों के बीच पहुंचे और राशन वितरित किया और कहा कि वह शीघ्र ही वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराने का प्रयास करेंगे। साथ ही मौके पर उपस्थित आरआई पटवारी शैलेंद्र सिंह से सर्वे कर प्रस्ताव बनाने की बात कही, जिससे लोगों को समय पर उचित मुआवजा मिल सके। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ के सह संयोजक ब्रजकिशोर दंडोतिया, मंडल अध्यक्ष रामलखन छाबई, किसान मोर्चा अध्यक्ष बल्ली गुर्जर, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजवीर गुर्जर, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष मदन जाटव, युवा नेता सुनील दंडोतिया, परशुराम लहरी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार के खिलाफ कर्मचारियों ने ध्यानाकर्षण मशाल रैली निकाली संविदा कर्मचारी ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपेंगे

**त्रिलोकी तिवारी ब्यूरो चीफ**

**गरियाबंद।** सरकार के खिलाफ कर्मचारियों ने मशाल रैली निकाली। अनिश्चितकालीन हडताल के चौथे दिवस ध्यानाकर्षण रैली निकालकर हुंकार भरी। संविदा कर्मचारी कल शुक्रवार को रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपेंगे।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन प्रातीय आह्वान पर दो सूत्रीय मांगो को लेकर 22 अगस्त से प्रांरभ हुई हैं,अनिश्चितकालीन हडताल का चौथे दिवस मशाल रैली के साथ गांधी मैदान से तिरंगा चौक गरियाबंद तक हडताली कर्मचारी अधिकारी ओजस्वी नारो के ध्यानाकर्षण का प्रयास किया गया। जिला संयोजक गरियाबंद प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि जिला गरियाबंद अंतर्गत ब्लॉक संयोजक गरियाबंद मनोज कुमार खरे की अगुवाई में छुरा ब्लॉक संयोजक एम.आर.खान, मैनपुर ब्लॉक संयोजक मुकेश साहू, देवभोग ब्लॉक संयोजक बहादुर लाल कश्यप, फिंगेश्वर ब्लॉक संयोजक शिवकुमार सिन्हा के नेतृत्व में मशाल रैली धरना स्थल से रैली का रूप से निर्धारित स्थल



तक पैदल मार्च कर नारो के साथ दो सूत्रीय मांग को लेकर राज्य शासन का ध्यानाकर्षण किया गया है व मशाल जलाकर एकजुटता का परिचय दिया, विभिन्न संघठनों के जिला प्रमुख व शिर्षस्थ नेतृत्वकर्ता के साथ साथ कर्मचारी अधिकारियों ने मशाल रैली निकालने के पूर्व अपनी महंगाई के पीडा स्वरूप दो सूत्रीय मांग को लेकर गीत कविता के माध्यम से सरकार तक अपनी बातो को पहुचाने का प्रयास किया गया । अनिश्चित कालीन हडताल में महासचिव बसंत त्रिवेदी, ब्लॉक संयोजक गरियाबंद मनोज खरे, कुबेरनाथ मेश्राम संयुक्त शिक्षक संघ, भगवान चंद्राकर सचिव डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन, संतोष साहू जिलाध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन , लिपिक संघ सुदामा ठाकुर, पन्ना देववंशी,बसन्त मिश्र, शशिकांत नेकेड कारी जिला अध्यक्ष अधीक्षक छात्रावास अधीक्षक संघ उमाशंकर साहू जिला अध्यक्ष सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ रेख राज यादव गोपेश्वर गजेंद्र दीपेश साहू तरुण कश्यप, जितेंद्र यादव वाय के साहू जिला अध्यक्ष कृषि विभाग संघ नीलमणी दुबे ख्याति कंवर मेडम कनिष्ठ प्रशासनीक सेवा संध, लीला धर तारक प्रवेश शेंडे सुभाष देवांगन जी न्यायालिन कर्मचारी संघ पर्यवेक्षक संघ रजिया बंजारे मेडम एन.के.वर्मा शिक्षक संघ स्वस्थ्य कार्यकर्ता संघ सुरेखा तिवारी जी लघुवेतन कर्मचारी संघ हरिअर्जुन यादव दुर्गा दीक्षित वन कर्मचारी संघ पंचायत सचिव संघ होरीलाल शर्मा अनुज ठाकुर, पुरषोत्तम चंद्राकर नगरीय निकाय के साथ साथ विभिन्न संघठनों के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित रहें।

# शिवपुरी के राहुल नरवरिया को मिला मेजर ध्यान चंद अवॉर्ड

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** शिवपुरी जिले का नाम एक बार फिर रोशन करने वाले राहुल नरवरिया को मिला मेजर ध्यान चंद अवॉर्ड शिवपुरी शहर के राहुल नरवरिया जो काफी समय से हॉकी के खिलाड़ी रहे हैं और वह राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में भी अपने नाम का लोहा मनवा चुके हैं और काफी समय से वह शिवपुरी शहर में नए खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देते आ रहे हैं 5 वर्ष से वह यूपी शहर में छत्रपति शाहूजी महाराज एकेडमी को संचालित कर रहे हैं। अभी हाल ही ग्वालियर में हुए खेल सम्मान समारोह 2022 प्रदेश की प्रतिनिधि सामाजिक संस्था %उड़ान% के द्वारा उनको मेजर ध्यानचंद अवार्ड से राज्य स्तरीय सम्मान के साथ सम्मानित किया गया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है सम्मान प्राप्त करने के बाद राहुल नरवरिया ने बताया कि वह गत 5 वर्षों से ले में साहू जी महाराज स्पोर्ट्स अकैडमी का संचालन कर रहे हैं और आगे भी इस स्पोर्ट्स एकेडमी का संचालन करते रहेंगे और जिले की नई नई प्रतिभाओं को प्रदेश एवं देश मैं पहुंचाने का कार्य करते रहेंगे मेजर ध्यानचंद अवार्ड मिलने के बाद उन्होंने अपने सभी लोगों को धन्यवाद दिया और आगे भी इसी प्रकार नई नई प्रतिभाओं की खोज के लिए आभार व्यक्त किय

# सवर्ण समाज ने प्रीतम लोधी का पुतला दहन किया।

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।**प्रीतम लोधी के द्वारा ब्राह्मणों को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी ने प्रीतम लोधी को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था जिसके बाद प्रीतम लोधी के समर्थन में कई प्रदर्शन हो रहे हैं इससे पहले भी ग्वालियर में प्रीतम लोधी के समर्थकों ने शक्ति प्रदर्शन किया था और भिण्ड में भी भारी संख्या में प्रीतम के समर्थकों ने शक्ति प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी व पुलिस पर पथराव भी किया था जिसमें जिले के कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर



सामने आई थी जिसके चलते भिण्ड में सवर्ण समाज ने प्रीतम लोधी का पुतला दहन किया।जिसमें परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष देवेश शर्मा ने बताया कि प्रशासन को प्रदर्शनकारियों व पथराव करने वालों को जल्दी ही गिरफ्तार किया जाए अगर ऐसा नहीं हुआ तो पूरे मध्यप्रदेश में जगह जगह आन्दोलन किया जाएगा। सवर्ण समाज के समर्थक भिण्ड में एकत्रित हुए। इस दौरान बड़ी तादाद में भिण्ड के शुभाष चौराहे पर प्रीतम लोधी का पुतला दहन किया।तथा भिण्ड प्रशासन से मांग की गई कि हाल ही में हुए पुलिस प्रशासन पर हमला और आम जन को जो क्षति पहुँचाई गई है उसके खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही की जाए।

इस दौरान राजेश मिश्रा, संजय पुरोहित ,गोलू,गिर्राज,गिरीश सिंह, भानुसिंह, रूपसिंह,संजय सिंह, गोलू राजावत, राहुल , छोटू शर्मा, संतोष तिवारी, सूरज बरुआ, राहुल, पिंकू, धर्मेंद्र शर्मा, भोले सिंह तथा परशुराम सेना के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस के प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु नवीन साहू के नेतृत्व में दिल्ली कूच करेंगे कांग्रेसी

**टीकमगढ़ सुनील कुमार अहिरवार**

**टीकमगढ़ ।** नगर के स्थानीय चकरा तिराहा पर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार के दिन जिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने एक प्रेस वार्ता की इस प्रेस वार्ता में कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता गण एवं प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार साथी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने बताया कि आगामी 4 सितंबर 2022 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आम जनता के हितों और बढ़ती हुई महंगाई को लेकर विरोध प्रदर्शन कांग्रेस द्वारा किया जा रहा है जिसमें टीकमगढ़ जिले से करीब 500 कांग्रेसी दिल्ली के रामलीला मैदान में पहुंचेंगे वहीं जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने यह भी बताया कि आगामी 07 सितंबर




2022 से कांग्रेस के द्वारा कन्याकुमारी से लेकर काश्मीर तक एक वृहद यात्रा निकाली जा रही है जो कि 150 दिन की होगी जिसमें 35 सौ किलोमीटर की पदयात्रा की जाएगी। इस प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेसियों में नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजय नायक ,अनीश खान ,अनिल बड़कुल ,गौरव शर्मा रामकुमार यादव, सुनील यादव, हबीब राइन ,राजेश साहू, प्रभात पुरोहित ,डॉक्टर इसरार मोहम्मद सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर झांसी ले गया युवकज परिचित के यहां ले जाकर बनाया शारीरिक संबंध, अब हुआ गिरफ्तार

**रायगढ़।** 17 वर्षीय नाबालिग को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को खरसिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 27 दिसंबर 2021 को आरोपी ने नाबालिग युवती को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर चंद्रहासिनी मंदिर ले गया,



जहां सिंदुर लगाकर शादी करने का आश्वासन देकर अपने परिचित के यहां ले गया , जहां शारीरिक संबंध बनाया । उसके दो-तीन दिन बाद आरोपी सुखराम राठिया ट्रेन से झांसी ले गया। रेल्वे स्टेशन पर जीआरपी के जवानों ने दोनों को देखकर परिजनों को सूचना दिये। तब दोनों को परिजन वापस लेकर आये। लोक लाज के कारण परिजन थाने में रिपोर्ट नहीं दर्ज करा रहे थे । 26 अगस्त 2022 को नाबालिग के परिजनो ने खरसिया में घटना की शिकायत की। अंततः आरोपी पालू उर्फ सुखराम राठिया पर कार्यवाही के लिये दिये गये आवेदन पर खरसिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# हवन पूजन एवं फल वितरित कर समाजसेवियों ने मनाया एफ आई सी सी आई यूपी अध्यक्ष का जन्मदिन

**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया।** सनत सनातन संनत कुमार की तपोभूमि सेवड़ा सनकुआ धाम पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं समाज सेवा टीम के संयोजक श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में कु.नीरज सिंह जी अध्यक्ष योगा एसोसिएशन एवं भारत तिब्बत समन्वय संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिवस हवन पूजन एवं फल वितरित कर मनाया आपको बता दें कि वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर अन्य गणमान्य नागरिकों के जन्मदिवस पर फल वितरित एवं हवन पूजन कर साधु संतों का सम्मान कर मनाते हैं वही आज नीरज सिंह जी





( सुपुत्र राजनाथ सिंह जी रक्षा मंत्री ) के जन्म दिवस को भी उन्होंने कुछ इसी तरह मनाया इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने कहा कि हमें अपने व अन्य कई गणमान्य नागरिकों के जन्मदिवस पर ऐसा समाज को मैसेज देकर जन्म दिवस मनाना चाहिए कभी वह वृक्ष पौधा लगाकर जन्म दिवस मनाते हैं तो कभी साधु संतों का सम्मान कर तो कहीं संत भोज कर , कभी निराश्रितों की मदद करके ऐसी कई तरह से वह गणमान्य नागरिकों के जन्मदिन मनाते आए हैं इस अवसर पर उनके साथ राहुल चौरसिया रघुवीर प्रजापति सुनील गुप्ता रवि सोनी राम प्रकाश प्रजापति शिवचरण बंशकार मंगल बालवीर गिरधारी प्रजापति हरि बाल्मिक रति प्रजापति पिंटू विश्वकर्मा पवन बंशकार करण सिंह कुशवाह कमलेश प्रजापति एवं समस्त समाज सेवा टीम के कार्यकर्ता एवं कई गणमान्य नागरिक एवं साधु संत उपस्थित रहे।

# टीकमगढ़ कलेक्टर के आदेश के बाद अलर्ट हुआ स्वास्थ्य विभाग

## मलेरिया विभाग ने शुरू किया दवा का छिड़काव तालाबों में डाली गैंबुसिया मछली

**सुनील कुमार अहिरवार**
**पुष्पांजली टुडे**



**टीकमगढ़।** बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया है। गंदगी और जगह जगह पानी भर जाने से मच्छर पनपने लगे हैं। जिससे वायरस फीवर और मलेरिया जैसी बीमारियां पांव पसारने लगी है। बढ़ती बीमारियों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने गंदगी और पानी भराव वाले स्थानों में दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए हैं। जिसके चलते मलेरिया विभाग ने काम शुरू कर दिया है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एचएम रावत के नेतृत्व में आज शहर में विभिन्न जल भराव के स्थानों पर मच्छर के लारवा नष्ट करने वाले बेसिलस बैक्टीरिया बीटीआई का छिड़काव किया गया। इसके तहत ईदगाह कॉलोनी का तालाब वर्मा पेट्रोल पंप के पीछे जल भराव पुरानी टेहरी चेतक कॉलोनी ढोंगा नंदीश्वर कालोनी संयुक्त कार्यालय परिसर पुलिस लाइन चीफ स्टोर के पास स्थित जल भराव के स्थानों पर मच्छर के लारवा नष्ट करने वाले बेसिलस बैक्टीरिया बीटीआई का छिड़काव किया गया।

### मच्छर को नियंत्रित करेगी दवा

डॉ. रावत ने बताया कि यह बैक्टीरिया मच्छर के लावा? को नस्ट कर देते हैं। लगभग 20 मिनट में अपनी संख्या को दोगुना कर और मच्छर को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पर्यावरण के लिए पूरी तरह से सुरक्षित पहल है।



### तालाबों में छोड़ी गई मछली

तालाबों के पानी को साफ स्वच्छ रखने के लिए गैंबुसिया मछली छोड़ी गई हैं। डॉ. रावत ने बताया कि रोरइया मंदिर बावड़ी पहाड़ी खुर्द के तालाब पृथ्वीपुर के तालाब में गैंबुसिया मछली का संचयन किया गया। यह मछली पानी को साफ रखती है और मच्छर के लावा? को खाने में सक्षम हैं। मच्छर नियंत्रण और डेंगू नियंत्रण में भी यह पहल सहायक होगी।

# मराठी परिधान में पहुंची विप्रा महिलाओं ने वीरांगनाओं के जीवन पर प्रकाश डाला



**संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर /**आजादी की 75 वीं वर्षगांठ में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत रविवार को ब्राह्मण महिला मंच की विप्रा संगिनियों द्वारा होटल लैंडमार्क एनएक्स सिटी सेंटर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में महिलाएं मराठी परिधान पहनकर वीरांगनाओं के किरदार में पहुंची। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने वीरांगनाओं के जीवन और आजादी में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजरानी शर्मा ने सावित्री फुले, प्रतीभा चतुर्वेदी-कल्पना सरोज, डॉ. मंदाकिनी शर्मा- बेगम हजरत महल, जूली शर्मा- जीजा बाई, माला शर्मा-रानी लक्ष्मीबाई, सारिका शर्मा- बैजा बाई, स्नेहा वाजपेयी- अरूणा आसिफ अली, नीतू उपमन्यु- सरोजिनी नायडू, पुष्पा मिश्रा-महारानी अहिल्या बाई होल्कर, कमलेश शर्मा- रामप्रसाद विस्मिल की बहन शास्त्री देवी, नीलम शुक्ला -मातगिनी हाजरा, झलकारी बाई, मति दीप्ति शर्मा-सरला ठकराल के किरदार में पहुंची । वहीं श्रीमति गीता शर्मा - ने कविता वीरांगनाओ की गाथा का पाठ किया। कार्यक्रम में छोटी बच्ची अग्रिम शर्मा ने लावणी पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया।

# शासन में आई भाजपा तो खतरे में होंगा लोकतंत्र -डॉ.गोविंद सिंह

## नगर परिषद दबोह का प्रथम जनसंवाद कार्यक्रम सम्पन्न








**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**- नगर में रविवार को नगर परिषद दबोह का जनसंवाद कार्यक्रम रखा गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं लहार विधायक डॉ. गोविंद सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथियों के माल्यार्पण एवं स्वागत सत्कार से हुई।इसके पश्चात मुख्य अतिथि डॉ.गोविंद सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगले बर्ष विधानसभा चुनाव होना है जिसमे कॉंग्रेस की सरकार बनना तय है।वहीं उन्होंने इसी दौरान भाजपा पर भी जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य में जब से भाजपा सरकार आयी है तब से लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश रची जा रही है।उन्होंने कहा यदि प्रदेश में भाजपा सरकार बनी तो देश के लोकतंत्र को खतरा रहेंगा।उन्होंने मंहगाई पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में जब कॉंग्रेस की सरकार थी तब डीजल,पेट्रोल व गैस के दाम कितने कम थे आज भाजपा की केंद्र सरकार ने इन प्राइवेट तेल कंपनियों से अपने हाथ खींच लिए जिसका परिणाम आज गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है।आगे उन्होंने कहा कि आप की मेहनत से दबोह नगर परिषद में कॉंग्रेस को बहुतमत से भेजा है इसका मैं बहुत-बहुत आभारी हूँ।उन्होंने मंच से नगर पालिका प्रतिनिधि कर्मचारियो को खुला संदेश देते हुए कहा कि जनता ने आप पर जो विश्वास जताया है उनके विश्वास पर खरे उतरना नगर को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है।वहीं नप कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कर्मचारी पूरी ईमानदारी से काम करे गरीब जनता की समस्याओं को सुने एवं उनका निराकरण करे अब किसी भी प्रकार भृष्टाचार सहन नही किया जायेगा।वहीं कार्यक्रम में मौजूद पूर्व कॉंग्रेस राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप ने कहा कि भाजपा आज जो खाद्दान्न दे रही है वह कॉंग्रेस बहुत पहले से देती आ रही है।लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने खाद्दान्न के बैग पर अपनी फोटो लगा कर यह दर्शा रही है कि भाजपा गरीबो को खाद्दान्न दे रही है और उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस शासन ने किसानों को खाद्य की बोरी सस्ती थी लेकिन आज खाद्य की बारी के भाव आसमान छू रहे है।प्रदेश में भाजपा सरकार बनी तो किसानों को खाद्य मिलना मुश्किल हो जाएगा।इसके बाद प्रदेश महामंत्री शिवनारायण दुबे बल्लू बकील,ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष राजकुमार शर्मा,नप उपाध्यक्ष हाकिम चौधरी,पूर्व नप अध्यक्ष रूपनारायण खटीक,पार्षद जगमोहन लला तेहरिया,ओ.पी सिंह कौरव आदि अपना उदबोधन दिया कार्यक्रम मंच संचालन कॉंग्रेस के जिला प्रवक्ता राजाभैया पाल किया।इस दौरान कार्यालय प्रभारी राजेंद्र खेमरिया,नप अध्यक्ष विमला नरेंद्र दुधारिया सहित सभी नव निर्वाचित पार्षद सलमा बेगम एवं पूर्व पार्षद शेरे पठान के साथ-साथ नगर कॉंग्रेस के नेताओ में किशोरी पाराशर,कमलेश शर्मा फरदुआ,रामेश्वर दयाल कौरव,दशरथ कौरव,विजय सिंह कौरव,रामकुमार लहारिया,कैलाश कौरव,पुष्पेंद्र यादव,नगर कॉंग्रेस के महामंत्री प्रदीप चौधरी, सनाउल्ला खान,रामलखन शर्मा,विकास दीक्षित,फरियाद पठान,नरेंद्र मिश्रा, इनायत खान आदि लोग उपस्थित रहे।

### कॉंग्रेस कार्यलय पहुंचे नेता प्रतिपक्ष ने किया वृक्षारोपण

वहीं दबोह नगर में जनसंवाद कार्यक्रम का समापन होने के बाद नेता प्रतिपक्ष व लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह दबोह कॉंग्रेस कार्यालय पर पहुंचे।जहां पर उन्होंने कॉंग्रेस कार्यालय के बाहर वृक्षारोपण किया और कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र खेमरिया को वृक्ष में पानी डालने व उसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी सौंपी।इस दौरान उनके साथ लहार कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार शर्मा,राजेन्द्र खेमरिया,नप अध्यक्ष पति नरेंद्र दुधारिया,नप उपाध्यक्ष हाकिम चौधरी,शेरे पठान,कॉंग्रेस नेता माधव यादव आदि लोग मौजूद रहे।तदोपरांत उन्होंने कॉंग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में भी भाजपा व शिवराज सरकार पर निशाना साधा।

## मारूति मेडिकल संचालित विद्या सुरक्षा योजना के तहत नोटबुक्स का किया वितरण



**पुष्पाजंली टुडे**

**कोपल** =क्षेत्रीय शिक्षण अधिकारी एवं क्षेत्रीय समन्वयक कार्यालय कोपल जिला के गंगावती तहसील के संयुक्त तत्वावधान में सरकारी स्कूलों के बच्चों को नोटबुक्स वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सरकारी विद्यालय गंगावती में क्षेत्र के विधायक परण मनावली ने किया मारुति मेडिकल्स बेंगलुरु द्वारा संचालित विद्या सुरक्षा योजना के तहत 50,000 नोटबुक्स बांटने के कार्यक्रम में क्षेत्रीय शिक्षण अधिकारी सोमशेखर पाटिल पाठशाला के प्रधानाध्यापक एवं सीआरपी अजय श्रीकांत उपस्थित थे इस अवसर पर महेंद्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा बच्चे राष्ट्र के कर्णधार हैं हमारी यह कोशिश रहनी चाहिए कि कोई भी बच्चा प्राथमिक शिक्षा से वंचित न रहे विधायक ने मुणोत के सेवा कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

## सीरवी महासभा महाराष्ट्र प्रांत के युवा अध्यक्ष राजेश गेहलोत का किया सम्मान



**पुष्पाजंली टुडे**

**मुम्बई**–खारघर सीरवी समाज खेल परिवार महाराष्ट्र व आईजी खेल परिवार खारघर नवी मुंबई की तरफ से अखिल भारतीय सीरवी महासभा महाराष्ट्र प्रांत के युवा अध्यक्ष राजेश गेहलोत का समान समारोह आज खारघर आईजी मैदान पर किया गया जिसमें खारघर के खेल मंत्री किशोर भाई गेहलोत व तुरभे कै सीरवी समाज कोषाध्यक्ष राजाराम व कामोठे के कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार व पुखराज हुकमाराम तेजाराम ओमप्रकाश गिगाराम केराराम गणेश व सीरवी समाज खेल परिवार खेल मंत्री प्रकाश के गेहलोत सभी की उपस्थिति में रखा गया आईजी स्पोर्ट्स क्लब तुरभे व कमौठे व खारघर खेल परिवार के सभी युवा साथीयों के साथ बडे धुम धाम के साथ समारोह रखा गया ।

# संविदा कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ तिरंगा लेकर ध्यानाकर्षण रैली निकाली

**त्रिलोकी तिवारी ब्यूरो चीफ गरियाबंद**



**गरियाबंद**- संविदा कर्मचारियों ने शुक्रवार को तिरंगा लेकर विभिन्न मांगों को लेकर ध्यानाकर्षण रैली निकाली, राज्य शासन के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। नियमितीकरण 62 वर्ष की जॉब सुरक्षा एवं संविदा पुनरक्षित वेतन वृद्धि को लेकर रैली गांधी मैदान से निकल कर तिरंगा चौक होते हुए कलेक्टर परिसर पहुँची। सर्व विभागीय संविदा जिला संयोजक चन्द्रहास श्रीवास ने बताया कि जिला गरियाबंद के विभिन्न विभागों मे कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने प्रांतीय आह्वान पर 22 तारीख से तिरंगा पट्टी लगाकर 25 तारीख तक नियमितीकरणको लेकर ध्यान आकर्षित किया गया, 26 तारीख को तिरंगा हाथो मे लेकर बाइक के माध्यम से रैली निकाला गया, जिसमे रैली का नेतृत्व सर्व विभागीय संविदा संघ के विभागों के साथियो ने किया, कलेक्टर परिसर मे संविदा साथियो ने कलेक्टर प्रतिनिधि पूजा बंसल डिप्टी कलेक्टर को अपनी नियमितीकरण 62 वर्ष की नौकरी सुरक्षा, वेतन विसंगति, ग्रेड पे मांनदेय स्थानांतरण नीति कर्मचारी भविष्य निधि, आवास सुविधा, आदि मांगो का ज्ञापन मुख्यमन्त्री भूपेश बघेल के नाम सौपा गया. संविदा कर्मचारी साथी तिरंगा रैली मे शामिल रहे, इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रशांत अमृत राव भोसले, शेखर सिंह ध्रुवे, भुपेन्द्र सिन्हा, धीरज शर्मा, टीकेश साहू, माया यादव, केसर सिन्हा, सावित्री ध्रुव, लंबोदर महतो, तेजस राठौर, देवेश मिश्रा जगत लालजी साहू, कुश कुमार साहू ,जवाहर राजपूत, चन्द्र भुषण पटेल, पुखराज साहू टोमन ध्रुव के साथ साथ बहुत संख्या में संविदा कर्मचारी शामिल थे।

## झारखंडन माता मंदिर में चल रही 11 दिवसीय अखण्ड सीताराम धुन





**हरिचरण प्रजापति, पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना।** विश्व शांति एवं जन कल्याण के लिए नेशनल हाईवे 39 शकरिया के उत्तर दिशा में लगभग 3 किलोमीटर जंगल के अंदर माता झारखंडन देवी के मंदिर में रामधुन का आयोजन सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंडन माता मंदिर में 11 दिवसीय रामधुन का आयोजन हुआ है यह कार्यक्रम विगत 6 वर्षों से बिना सड़क, बिना लाईट के सभी ग्राम वासियों, क्षेत्रवासियों एवं झारखंडन माता के भक्तों के सहयोग से यह रामधुन का कार्यक्रम बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हुए चला आ रहा है। विश्व शांति एवं जन कल्याण हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया जाता है अतः सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से एवं क्षेत्रवासियों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में अखंड सीताराम धुन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लें एवं अपना सहयोग प्रदान करें।

## स्वास्थ्य के प्रति दिया जन- जागरूकता का संदेश..

### देवेंद्रनगर उपस्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रजापति ने बदलते मौसम के उतार-चढ़ाव को लेकर स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति दिया संदेश



**ब्यूरो हरिचरण प्रजापति**
**पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना।** डॉ. राजेंद्र ने बताया कि मौसम के साथ उतार चढ़ाव होने से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, बारिश के चलते जगह-जगह पानी भर जाने से उसमें मच्छर पनप रहे हैं। इस कारण लोग मच्छरजनित रोगों की चपेट में आ रहे हैं। बारिश में भीगने के कारण फंगल इंफेक्शन भी हो रहा है। इसके अलावा दूषित भोजन व पानी का सेवन करने से डायरिया, टायफाइड ,फूड प्वाइजनिंग से ग्रसित होने का खतरा बना रहता है अस्पताल में इस समय इन्हीं रोगों से पीड़ित मरीजों की भीड़ ओपीडी में ज्यादा देखने को मिल रही है, डॉ राजेंद्र का कहना है कि संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए सावधानी जरूरी है, आसपास पानी इकट्ठा न होने दें, बारिश में भीगने से बचे , साफ एवं सूखे कपड़े पहने , शाम के समय फुल आस्तीन के कपड़े पहन के बाहर निकले , कूलर, पानी की टंकी आदि में कई दिन पानी न इकट्ठा होने दें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करे, खिड़की पर भी जाली लगवाए, इस मौसम में सर्दी, खांसी ,जुकाम, बुखार, डायरिया व टाइफाइड की चपेट में भी लोग जल्दी आ जाते हैं। थोड़े से भी लक्षण उत्पन्न होने पर तुरंत अपने नजदीकी अस्पताल में सलाह जरूर ले।। खुले में बिकने वाले सामान, बासी भोजन व दूषित जल के सेवन से डायरिया व टाइफाइड हो गया है, इसलिए इनसे सावधानी बरतें, पानी उबाल कर पिए अथवा फिल्टर का पानी पिए, फंगल रोग से बचाव के संबंध में सूखे कपड़े पहने साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें।। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन जागरुकता के लिए प्रेरित कर रहा है.. किसी भी प्रकार की बीमारी से बचने के लिए स्वयं जागरुक बनें, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे, साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करें।

## जिले के 3529 हितग्राहियों को 27.53 करोड़ रूपये से अधिक राशि के ऋण वितरित किये गये

**पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**
**टीकमगढ़ सुनील कुमार अहिरवार**

**टीकमगढ़।** जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम स्थानीय उत्सव भवन में आयोजित -टीकमगढ़ जिले में रोजगार दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय उत्सव भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवउद्यमी सहित अनेक योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र वितरित कर लाभान्वित किया गया। जिला स्तरीय स्वरोजगार दिवस का शुभारम्भ टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरि गोस्वामी ने अतिथियों के साथ माँ सरस्वतीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। रोजगार दिवस के अवसर पर शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत जिले में 3529 हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिये 27.53 करोड़ रूपये से अधिक की राशि के ऋण वितरित किये गये। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के मुख्य आतिथ्य में इंदौर जिले में आयोजित प्रदेशव्यापी रोजगार दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे अतिथियों द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देखा एवं सुना गया। इन हितग्राहियों को मिली मदद कार्यक्रम में अतिथियों ने शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत जिले में 3529 हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिये 27.53 करोड़ रूपये से अधिक की राशि के ऋण स्वीकृति पत्र एवं चैक वितरित किये। इनमें लीड बैंक विभाग की प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 215 हितग्राहियों को 2 करोड़ 56 लाख रूपये, जिला शहरी विकास अभिकरण विभाग के प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 1152 हितग्राहियों को 1 करोड़ 95 लाख रूपये, एनयूएलएम (व्यक्तिगत) के 84 हितग्राहियों को 87 लाख रूपये, एनआरएलएम विभाग के एनआरएलएम (स्व सहायता सूमहों) के 681 हितग्राहियों को 15 करोड़ 35 लाख रूपये, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथकर विक्रेता योजना के 8 हितग्राहियों को 80 हजार रूपये, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम) विभाग की मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना के 27 हितग्राहियों को 52.04 लाख रूपये, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के 22 हितग्राहियों को 91.90 लाख रूपये, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड विभाग के तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत 23 हितग्राहियों को 91.62 लाख रूपये, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड के 524 हितग्राहियों को 6.40 लाख रूपये, उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना के 3 हितग्राहियों को 16.93 लाख रूपये तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग की पशु पालन किसान क्रेडिट कार्ड के 790 हितग्राहियों को 4 करोड़ 20 लाख रूपये के ऋण स्वीकृति पत्र एवं चैक वितरित किये गये। इस अवसर पर विकास यादव, जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ एसके मालवीय, अपर कलेक्टर अभय सिंह ओहरिया, जीएमडीआईसी राजशेखर पांडे, प्रबंधक पीएल अहिरवार, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके विश्वकर्मा, लीड बैंक अधिकारी पीके बाजपेई, महेश साहू, मुख्तार खान, विकास यादव, बैंक अधिकारी, गणमान्य जन, स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन के लिए कोलारस पिछोर करैरा विधायकों को दिए स्मरण पत्र

## कर्मचारियों ने संगठित होकर विधायकों से मांगी पुरानी पेंशन



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -पुरानी पेंशन बहाली संगठन न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत प्रदेशध्यक्ष सत्येंद्र सिंह तिवारी के आव्हान पर प्रदेश के समस्त विधायकों को पुरानी पेंशन बहाल करने हेतु ज्ञापन दिए जा रहे हैं इसी क्रम में आज शिवपुरी जिले के कोलारस पिछोर करैरा विधायकों को संगठन द्वारा ज्ञापन दिए गए संगठन के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत धर्मेंद्र रघुवंशी जी जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत द्वारा बताया गया कि पिछले 4 साल से संगठन पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष कर रहा है बजट सत्र में संगठन द्वारा 200 से अधिक माननीय विधायक महोदय को ज्ञापन के माध्यम से विधानसभा तक अपनी आवाज पहुंचाई लेकिन बजट सत्र में विधानसभा में कर्मचारियों की पुरानी पेंशन हेतु संकल्प पत्र पर चर्चा नहीं हो सकी अब पुनः कर्मचारियों द्वारा प्रदेश के समस्त विधायकों को ज्ञापन दिया जा रहा है जिसमें मानसून सत्र में पुरानी पेंशन लागू करने हेतु सरकार विधानसभा में प्रस्ताव पास करें आज कोलारस विधायक वीरेंद्र सिंह रघुवंशी को कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन दिया गया और स्मरण कराया गया पिछली बार आप को ज्ञापन दिया गया अब पुनः कर्मचारियों की मांग को पूरा करने की कृपा करें आज ज्ञापन में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बसंती शर्मा महिला मोर्चा जिला संयोजक रेणु शर्मा जनक सिंह रावत, धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी, बालूराम रावत, राजेश सोनी, मनोज श्रीवास्तव, रविंद्र सिंह रावत , दिनकर निखरा, महावीर मुद्गल, देवेंद्र शर्मा, रामअवतार जाटव ,केशव सिंह ,प्रकाश सिंह रावत, जगदीश रावत, देवेंद्र शर्मा, महावीर मुद्गल, हरिचरण सागर ,सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे आज ही पिछोर विधायक के पी सिंह जी को भी ज्ञापन दिया गया जिसमें प्रदीप नरवरिया धर्मेंद्र रघुवंशी, वीरेंद्र सिंह रावत ,मुकेश रावत, बसंती शर्मा, रेणु शर्मा, वीरेंद्र शिवहरे, सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे करैरा विधायक श्री प्राज़ी लाल जाटव को करैरा ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन दिया गया और कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित मांग पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई आज जिले में दिए गए ज्ञापन में देवेंद्र शर्मा श्रवण कुमार बाथम, बालूराम रावत, रविंद्र सिंह रावत, दिनकर निखरा, रामअवतार जाटव, केशव सिंह, प्रकाश सिंह रावत, जगदीश शर्मा, वीरेंद्र सिंह रावत, सुल्तान सिंह आदिवासी, महेश प्रजापति, राजेश सोनी, नीरज मिश्रा, प्रदीप कुमार नरवरिया, हरिचरण सागर, राजाराम राठौर, श्रीमती पूनम कुलश्रेष्ठ,वीरेंद्र शिवहरे, सुरेश सिंह रावत ,महेंद्र सिंह चौहान, नीरज कुमार शर्मा, संतोष कुमार श्रीवास्तव ,मोहन दास बैरागी, अनीता शिवहरे, रोहित कुमार मेहता ,दिनेश राठौर, धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा ,विजय नामदेव ,प्रमोद, मुकेश रावत, हरगोविंद रावत, धर्मेंद्र रघुवंशी ,जितेन सिंह तोमर, शिवमंगल सिंह, रेणु शर्मा ,सोनिया शर्मा, मेघा गुप्ता, बसंती शर्मा, महावीर मुद्गल, ज्योति धाकड़ ,रक्षा शाक्य, विजय कुमार शर्मा, राजकुमार भदोरिया, नरेश ,मनोज श्रीवास्तव सहित जिले में 5 सैकड़ा से अधिक कर्मचारियों द्वारा माननीय विधायक महोदय को ज्ञापन के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आए, पहुंचे दतिया पीतांबर मंदिर

### प्रदेश की खुशहाली के लिए दतिया पहुँचकर माँ पीताम्बरा माई शक्तिपीठ पर की पूजा-अर्चना

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने की विमानतल पर सौजन्य भेंट





ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का रविवार को ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री श्री चौहान इस दिन प्रातःकाल लगभग 10ः15 बजे सपत्नीक वायु मार्ग से यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचे। यहाँ से उन्होंने हैलीकॉप्टर द्वारा दतिया पहुँचकर पीताम्बरा माई शक्तिपीठ पर प्रदेश की खुशहाली के लिये पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री श्री चौहान दोपहर लगभग 12ः50 बजे वापस ग्वालियर विमानतल पहुँचे और यहाँ से वायुमार्ग द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान किया।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर विमानतल पर पहुँचकर मुख्यमंत्री श्री चौहान से सौजन्य भेंट की। जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट मुख्यमंत्री श्री चौहान के स्वागत के लिए विमानतल पहुँचे थे। उन्होंने इस अवसर पर ग्वालियर जिले के विकास और प्रगति को लेकर चर्चा की।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट के साथ ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री कौशल शर्मा, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल तथा सर्वश्री आशीष अग्रवाल हरीश मेवाफरोश, अशोक शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा व श्री विनोद शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मुख्यमंत्री श्री चौहान के स्वागत के लिए विमानतल पर पहुँचे थे।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री डी श्रीनिवास वर्मा, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे व एडीएम श्री इच्छित गढ़पाले सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने माँ पीतांबरा पीठ पहुंचकर पूजा-अर्चना की प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए की कामना

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर दतिया पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दतिया प्रवास के दौरान माँ पीताम्बरा पीठ पहुँचकर धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह के साथ पूजा-अर्चना की। साथ ही सपत्नीक वनखण्डेश्वर महादेव पर जलाभिषेक किया।

इस अवसर पर प्रदेश के गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी विभाग के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, लोक निर्माण राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुरेश धाकड़, विधायक भाण्ड़ेर श्रीमती रक्षा संतराम सिरौनिया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र बुद्यौलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए माँ पीताम्बरा पीठ पर पूजा-अर्चना करने के बाद कहा कि माँ के दर्शन करने से ऊर्जा, सद्बुद्धि एवं सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। इसी की प्राप्ति के लिए आज उन्होंने माँ पीताम्बरा से प्रार्थना कर प्रदेश की खुशहाली के साथ-साथ सभी के सुख, कल्याण एवं सबका मंगलमयी जीवन होने की कामना की है।

दतिया हवाई पट्टी पर मुख्यमंत्री श्री चौहान के सपत्नीक पधारने पर गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र व जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुरेश धाकड़ तथा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शांति प्रशांत ढेंगुला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अगवानी की।

# सभ्यता, संस्कृति और सिद्धांत का पाठ पढ़ाता है साहित्य : श्री सिंधिया

### उद्भव ग्वालियर अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बढ़ाया साहित्यकारों का मान





ग्वालियर। साहित्य से जीवन को गहराई मिलती है। साहित्य ही हमें संस्कृति, सभ्यता, मूल्य और सिद्धांतों का पाठ पढ़ाता है। इस ब्रह्मांड में साहित्य ही है जो मानव को अध्यात्म से जोड़ता है। साहित्य से ही संस्कृति जुड़ी हुई है। साहित्य से ही पता चलता है कि भारत के अध्यात्म में अपार शक्ति है। इस आशय के विचार केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित हो रहे अंतर्राष्ट्रीय ग्वालियर साहित्य उत्सव के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

यह आयोजन उद्भव सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान, अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं सेंट्रल अकेडमी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। इस चार दिवसीय उद्भव ग्वालियर अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव के दूसरे दिन रविवार को केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया साहित्यकारों से भेंट करने पहुँचे थे। जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट व ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी श्री सिंधिया के साथ साहित्य उत्सव में शामिल होने पहुँचे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्भव के अध्यक्ष डॉ. केशव पाण्डेय ने की। इस अवसर पर इंग्लैंड से आई वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परीन सोमानी, साहित्य परिषद के अध्यक्ष श्रीयुत श्रीधर पराडकर एवं आईआईटीटीएम के डायरेक्टर डॉ. आलोक शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर में साहित्य का पुराना एवं समृद्ध अध्याय रहा है। मेरे दिल में भारतीय साहित्य के प्रति सदैव एक लगाव और कशिश रही। डॉ. केशव पाण्डेय ने ग्वालियर साहित्य उत्सव के रूप में पुनीत कार्य कर मेरी संकल्पना को पूरा किया है। उन्होंने कहा मेरे पूर्वजों ने करीब 300 साल पहले स्थानीय भाषा में रामायण की रचना कराई थी, इस बात से यह समझा जा सकता है कि ग्वालियर में सदैव से साहित्य का सम्मान होता रहा है। श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर में साहित्य का भरपूर खजाना है। हमें उस खजाने को खोजने व संवारने की जरूरत है। खुशी की बात है उद्भव जैसी संस्था इस काम के लिये आगे आई है।

संस्था अध्यक्ष डॉ. पाण्डेय ने स्वागत भाषण दिया और सचिव श्री दीपक तोमर ने साहित्य उत्सव की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन श्रीमती मिताली तोमर एवं श्री बृजकिशोर दीक्षित ने और आभार व्यक्त सेंट्रल स्कूल अकेडमी के डायरेक्टर श्री विनय झालानी ने किया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। अतिथियों को सम्मानित कर उन्हें स्मृति चिंह भेंट किए गए।

### योद्धाओं, कला एवं संस्कृति की समृद्ध भूमि है ग्वालियर - प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि ग्वालियर योद्धाओं, कला, संस्कृति, विकास और प्रगति की समृद्ध भूमि है। इसके विकास का जो संकल्प स्व. माधवराव सिंधिया जी ने लिया था। ग्वालियर में कला व संस्कृति की समृद्ध परंपरा शनैः-शनैः पूरी हो रही है। उन्होंने कहा साहित्य उत्सव के जरिए इस संकल्प को पूरा किया जा रहा है।

### समग्र विकास की राह पर ग्वालियर - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियर की इस पवित्र माटी में हमने जन्म लिया है, यह हम सब का सौभाग्य है। ग्वालियर की कला संस्कृति और सभ्यता के साथ ही विकास की परंपरा को सिंधिया परिवार ने समृद्ध किया है। स्व. माधवराव सिंधिया जी का सपना हुआ करता था कि अपना ग्वालियर स्वच्छ और सुंदर हो। आज यह सपना साकार हो रहा है। शहर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा, उत्तम दर्जे का रेलवे स्टेशन, एलीवेटेड रोड और सिक्स लेन सुपर हाईवे का निर्माण जो होने जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला रोजगार कार्यालय में आज प्लेसमेंट ड्राइव

ग्वालियर। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत जिला रोजगार कार्यालय में 29 अगस्त को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। इस दिन यह प्लेसमेंट ड्राइव यहाँ रेडीमेड गारमेंट पार्क परिसर गदाईपुरा मुरैना लिंक रोड़ में स्थित जिला रोजगार कार्यालय में प्रातः 11 बजे से शुरू होगी। प्लेसमेंट ड्राइव में दो कंपनियों द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी का अवसर प्रदान किया जायेगा। उप संचालक जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राउण्ड दि क्लॉक कंपनी द्वारा सुरक्षा गार्ड गनमैन व सुपरवाइजर की भर्ती की जायेगी। पाँचवी से लेकर स्नातक कक्षा उत्तीर्ण 25 से 45 आयु वर्ग के युवा इस भर्ती में भाग ले सकते हैं। इसी तरह स्टा हैल्थ कंपनी द्वारा एडवाइजर के पदों की भर्ती की जायेगी। बारहवीं से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण 25 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवा एडवाइजर की भर्ती में सम्मिलित हो सकते हैं। निजी कंपनी में नौकरी करने के इच्छुक युवा अपना रोजगार पंजीयन क्रमांक, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र व बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर इस भर्ती में भाग ले सकते हैं।

### गेहूँ एवं जौ फसलों पर शोध वैज्ञानिकों की अखिल भारतीय वैज्ञानिक बैठक आज से

**कृषि विश्वविद्यालय के नवनिर्मित सभागार में होगा उदघाटन**

ग्वालियर। अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ शोध वैज्ञानिक बैठक 29 अगस्त से 31 अगस्त तक ग्वालियर में आयोजित होगी। भारतीय गेहूं एवं जौ शोध संस्थान करनाल एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रही यह 61वी अखिल भारतीय बैठक यहाँ कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन परिसर स्थित नवनिर्मित दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित हो रही है। बैठक का उदघाटन 29 अगस्त को प्रातः11 बजे होगा।

### गर्भवती की मौत, हत्या का आरोप

**ग्वालियर।** भितरवार थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर में एक नव विवाहिता 5 माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत हो गई ।महिला के परिजनों ने आरोप लगाया कि उसकी हत्या दहेज के लालच में की गई है। महिला की एक साल पहले ही शादी हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भितरवार थाना क्षेत्र में आने वाले गांव श्यामपुर निवासी महिला मोहिनी पत्नी सुनील आदिवासी की कल शाम अचानक मौत हो गई। मायके पक्ष के परिजनों को जब सूचना मिली तो वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भितरवार लेकर पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाया कि उसकी हत्या की गई है। ससुराल पक्ष के लोग लगातार दहेज की मांग करते आ रहे थे। पुलिस ने मृतका का शव पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### कृषि विश्वविद्यालय में त्रिदिवसीय अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ शोध वैज्ञानिक बैठक का उदघाटन आज

**ग्वालियर।** भारतीय गेहूं एवं जौ शोध संस्थान करनाल एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में 61वी अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ शोध वैज्ञानिक बैठक आगामी 29 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित होने जा रही है। बैठक का उदघाटन कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन परिसर स्थित नवनिर्मित दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आज 29 अगस्त को प्रातः11 बजे होगा।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया बच्चों को पुरुस्कृत



ग्वालियर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि आज महाराजा मान सिंह तोमर कला सांस्कृतिक समिति एवम अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा बच्चो को पुरस्कृत किया गया एवम अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा नए पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई जिसमे कौशलेंद्र सिंह चौहान को संभागीय अध्यक्ष तथा युवा जिला अध्यक्ष अभय सिंह तोमर छात्र बिंग अध्यक्ष राम राजावत प्रदेश उपाध्यक्ष रवि तोमर युवा प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह सिकरवार प्रदेश मंत्री सोनू भदौरिया प्रदेश संगठन मंत्री ओमकार सिंह तोमर जिला उपाध्यक्ष महावीर सिंह तोमर प्रदेश उपाध्यक्ष पुस्पेंद्र भदौरिया को दायित्व प्रदान किया गया कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री श्री अनूप मिश्रा पूर्व डी आई जी हरी सिंह यादव के डी सोनकिया सुरेंद्र सिंह तोमर भगवान सिंह तोमर राकेश सिंह जादौन गुड्डू भदौरिया रामकुमार सिंह सिकरवार अशोक सिंह तोमर अशोक सिंह सिकरवार रामावतार सिंह बैश विक्रम तोमर सतेंद्र सिंह भदौरिया दिनेश भदौरिया विशेष रुप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्याम सिंह तोमर ने किया एवं कार्यक्रम के अंत में सह भोज का आयोजन किया गया जिसका सभी ने आनंद लिया।

# मोहना के पूर्व सरपंच कप्तान सिंह को 30 दिन के लिए जेल में बंद करने के आदेश

**जिला पंचायत सीईओ श्री तिवारी ने जारी किया वारंट**

ग्वालियर। शासकीय धनराशि निकालकर उसका निर्माण कार्य पूर्ण कराने में उपयोग न करने अर्थात शासकीय धन का दुरूपयोग करने वाले पूर्व सरपंचों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी श्री आशीष तिवारी ने पंचायत राज अधिनियम की धारा-92 के तहत ग्राम पंचायत मोहना के पूर्व सरपंच कप्तान सिंह को 30 दिन के लिए जेल भेजने का आदेश जारी किया है। जनपद पंचायत घाटीगाँव (बरई) की ग्राम पंचायत मोहना के पूर्व सरपंच श्री कप्तान सिंह पर 14वाँ वित्त आयोग की 4 लाख रूपए की राशि का दुरूपयोग करने का आरोप जाँच में सही पाया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी द्वारा पूर्व सरपंच श्री कप्तान सिंह के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के अंतर्गत वसूली का प्रकरण पंजीबद्ध कर उक्त राशि चुकाने हेतु युक्तियुक्त समय दिया गया। किंतु उन्होंने रकम नहीं चुकाई। प्रकरण में अधिनियम की धारा 89 अंतर्गत प्राप्त जांच प्रतिवेदन अनुसार दोषी साबित होने के कारण विचार उपरांत अंतिम आदेश पारित कर 15 दिवस में रकम शासकीय कोष में जमा करने के लिए आदेशित किया गया था, किंतु पूर्व सरपंच द्वारा राशि जमा नहीं कराई गई। इसके बाद विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वालियर न्यायालय ने मध्यप्रदेश पंचायतीराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 की उप धारा 2 के अधीन पूर्व सरपंच को जेल में सुपुर्द करने के लिए वारंट जारी किया है। केन्द्रीय कारागार के अधीक्षक को 30 दिवस की अवधि के लिए पूर्व सरपंच कप्तान सिंह को जेल में रखने के लिये आदेशित किया गया है।

# युगांतर विद्यापीठ में निःशुल्क नेत्र,दंत, न्यूरो शिविर का सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ



ग्वालियर। गेंडे वाली सड़क स्थित युगांतर विद्यापीठ में आज निशुल्क नेत्र, दंत, न्यूरो शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर का आयोजन युगांतर विद्यापीठ व एप्पल हॉस्पिटल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर के सुपुत्र कुंवर रिपुदमन सिंह तोमर, देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू, सह कोषाध्यक्ष बिरजू शिवहरे, मीडिया प्रभारी विपुल जैन, स्वामी विवेकानंद मंडल अध्यक्ष मनोज मुटाटकर, 34 पार्षद श्री रवि सिंह तोमर, वार्ड 36 के वर्तमान पार्षद के पिता श्री भीकम खटीक, जिला महिला मोर्चा मंत्री श्रीमती मीना चैहान, मीडिया प्राभारी बबिता तोमर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष श्रीमती चेतना तोमर, मण्डल महामंत्री रीता चाचरा व एप्पल हॉस्पिटल के डॉक्टर न्यूरो सर्जन डॉक्टर विपिन जैन, मेडिसन डॉक्टर सौरभ, सर्जन डॉक्टर शैलेंद्र, शिशुरोग डॉक्टर प्रियंका, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गरिमा यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पवन सोंनी, दांत रोग विशेषज्ञ अंकिता सक्सेना व कार्यक्रम के आयोजक सतेंद्र सिंह तोमर व मंजू लता गुप्ता, गोविंद पटसारिया, जितेद्र सिंह तोमर, सत्येंद्र राठौर, राकेश कौरव, धीरज शर्मा आदि स्कूल टीचर्स एवं क्षेत्रीय जनता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# दिल्ली में 4 सितंबर कांग्रेस की रैली की तैयारी में जुट जाएं, वोटर कार्ड आधार कार्ड से लिंक कराएं

### मतदाता सूची में नाम बढ़ांएः डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में एवं मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ग्वालियर के सह प्रभारी योगेष जाट उपस्थिती में कांग्रेस भवन षिंदे की छावनी पर कांग्रेस पार्षदों, पार्षद प्रत्याषियों, मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्षगणों की संयुक्त बेठक में सम्पन्न हुई। बैठक में दिनांक 4 सितंबर 2022 को दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम ''मंहगाई पर हल्ला बोल-चलो दिल्ली'' में भागीदारी पर चर्चा। दिनांक 7 सितंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम पर चर्चा। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुए बी.एल.ए. की सूची नाम, पता और फोन न. सहित तैयार करना। जिन मतदान केन्द्रों का स्थान परिवर्तित करना है उनके लिए अभी से आवेदन देना होगा। प्रत्येक वर्ष में चार बार हर तिमाही में मतदाता सूची में नाम बढ़ाए घटाए जा सकेंगें आदि पर चर्चा कर निर्णय हुए।

बैठक का संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल ने एवं आभार व्यक्त सेवादल अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह गुर्जर ने किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा बैठक को संबोधित करते हुए कहा की 4 सितंबर को दिल्ली में महंगाई हल्ला बोल रैली की तैयारी में जुट जांए, 7 सितंबर को भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में भागीदारी निभांए, 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से अपने-अपने मतदान केन्दों पर मतदाता सूची में नाम बढ़वाने, वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराने, जिस मतदाता ने अपना मतदान केन्द्र बदल दिया है उनका नाम मतदाता सूची से हटवाने, मतदान केन्द्र के स्थान परिवर्तन का विवरण और प्रत्येक वर्ष में चार बार तिमाही में मतदाता सूची में नाम घटाए व बढ़ाए जा सकेंगे इस पर सक्रियता से कार्य करें, इन सभी कार्यक्रमो में मतदान केन्द्र, सेक्टर, मंडलम, पार्षद, पार्षद प्रत्याषी की जबावदारी ज्यादा रहेगी, पार्षदो एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ का साथ लेकर अहम भूमिका निभाए।

मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ग्वालियर के सह प्रभारी योगेष जाट ने कहा कि कांग्रेस सर्वोपरी है कांग्रेस से बड़ा कोई नही है, हम सब कांग्रेस के अंग है इसलिए कांग्रेस को मजबूत करना हम सभी का दायित्व है, जो भी दिषा निर्देष अ.भा. कांग्रेस कमेटी, मप्र कांग्रेस कमेटी, शहर जिला कांग्रेस कमेटी जारी करे उसका हम सभी पालन करें। बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, आंनद शर्मा, हमीद खां उस्मानी, जेएच जाफरी, सेवादल अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील श्रीवास पप्पू, विनोद जेन, कैलाष चावला, संतोष शर्मा, महेन्द्र शर्मा, बेताल सिंह गुर्जर, संजीव दीक्षित, अविनाष गुप्ता, संदीप यादव, सोनू भदोरिया, भूपेन्द्र तौमर, गोरव शर्मा, रफीक खां मुल्ला जी, इरफान खान, मुकेष पांडे, विनोद सोलंकी, हीरालाल कुषवाह, सुरेन्द्र साहू, अमरेष बघेल, मोनू भटनागर, अनीस हुसैन, बाबूलाल चैरसिया, षिखा शर्मा, अनीता कुषवाह, कोमल राजे, सीमा जायसवाल, नरेन्द्र मेकले, सोरभ गुप्ता, अंकुर गोयल, कपिल पाल, रामनिवास गुर्जर, चंचल सोनी, उपेन्द्र शंकर, पिंटू शाक्यवार, गजेन्द्र सिंह राजे, नाथूराम, गिर्राज शर्मा, एडवोकेट अरविंद चैहान, कमल कुषवाह, बृजेष पाठक, विठ्ठल राठी, रंजीत यादव, नवीन यादव, विवेक यादव, एंदल सिंह, रवि शाक्य, अजय यादव, सोहिल खान, आकाष कुषवाह, श्रीकिषन, सोनू खेनवार, संतोष राठौर, मोहन बाथम, धर्मेन्द्र राजपूत, हृदेष गोयल, विक्रम शर्मा, जितेन्द्र कुषवाह, राजू कुषवाह, अमर सिंह शेजवार, आदिल खान, षिवदयाल छयैया, बाबू लाल राठौर, संजय माहोर, राजा मिर्जा, योगेष शर्मा, शरद यादव, संजय बाथम, दीपक पाराषर, विपिन नरवरिया, होतम जाटव, छोटू सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478